RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 79 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 10 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# किसानों का 'रेल रोको' आंदोलन

## पंजाब के 22 जिलों में ट्रेनों के पहिए जाम



**चंडीगढ़, एजेंसी।** अपनी मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन पिछले एक महीने से लगातार जारी है। किसानों ने आज रेल रोको आंदोलन का आगाज किया है। उनका कहना है कि सरकार जानबूझकर उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। आज दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किसानों का रेल रोको आंदोलन जारी रहेगा। वहीं किसानों ने एलान किया है कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्वक किया जाएगा। ट्रेनों को रेलवे स्टेशन और क्रासिंग के पास ही रोका जाएगा।

किसान संगठन के नेताओं ने कहा कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है। केंद्र के साथ हुई बैठकों में भी हमारी मांगों के प्रति कुछ नहीं किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कह रही है कि वह किसानों की सारी बातें मान चुकी है, जोकि सरासर झूठ है। किसानों की केंद्र के साथ हुई सभी बैठकें बेनतीजा रही हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### किसानों की आम जनता से अपील

किसानों नेताओं ने जनता से अपील की है कि आंदोलन के बीच कहीं यात्रा करने का प्लान ना बनाएं। इससे उन्हें परेशानी हो सकती है। साथ ही किसानों ने कहा है कि चार घंटे के इस आंदोलन में आमजन को थोड़ी दिक्कत आ सकती है, लेकिन ये निर्णय सभी के हित में ही है।

# भीषण सड़क हादसा: परिवार के 7 लोगों की मौत

## दो लोगों की हालत गंभीर, लड़की देखने जा रहा था परिवार



**जौनपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया। एक ही परिवार के 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा जौनपुर के प्रसाद इंजीनियरिंग कॉलेज के पास आज तड़के 3 बजे हुआ है। यहां दुर्घटना में आर्टिका कार पर सवार 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

सभी मृतक और घायल बिहार के सीतामढ़ी जिले के बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना जौनपुर के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसाद इंस्टीट्यूट के पास हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने घटना का जायजा लेकर शव कब्जे में लिए और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस ने घटनास्थल से ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि आज तड़के 2.30 बजे आजमगढ़ की ओर से आ रही आर्टिगा कार प्रसाद इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान कार में सवार चार पुरुष और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। यह लोग बिहार के सीतामढ़ी से प्रयागराज जा रहे थे।

# सीएम योगी का डीपफेक वीडियो, दर्ज हुई एफआई

● वीडियो में चेहरा इस्तेमाल करके दवा खरीदने की अपील की, फेसबुक हेडक्वार्टर से मांगा जवाब

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डीपफेक वीडियो प्रकरण में लखनऊ के साइबर थाने में 2 एफआईआर दर्ज की गई है। डीपफेक वीडियो में सीएम योगी का चेहरा इस्तेमाल करके दवा खरीदने की अपील की जा रही है। पुलिस ने फेसबुक हेडक्वार्टर से जानकारी मांगी है। दरअसल, ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से साइबर अपराधियों ने डीपफेक वीडियो बनाकर सीएम से डायबिटीज की दवा का प्रचार करवा दिया। इसके अलावा एक अन्य वीडियो में भी सीएम योगी आदित्यनाथ से (शेष पृष्ठ-3 पर)

# प्रधानमंत्री ने दी 782 परियोजनाओं की सौगात

## देश के लिए विकास का नया अध्याय लिख रहा है आजमगढ़ : मोदी



**आजमगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आजमगढ़ से उत्तर प्रदेश को 42,000 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात दी है। उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ समेत बीजेपी के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। पीएम मोदी ने इस दौरान पीएम आजमगढ़ और पूर्वांचलवासियों को मंदूरी एयरपोर्ट समेत राजा सुहेलदेव राज्य विश्वद्यालय और कई परियोजनाओं की सौगात दी है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा 'आज केवल आजमगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ यहां से हो रहा है। आज आजमगढ़ से कई राज्यों में करीब 34 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।' उन्होने आगे कहा कि 'अनंतकाल तक ये विकास का गढ़ बना रहेगा ये मोदी की गारंटी है। आज आजमगढ़ में एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। यहां से विदेश तक जो भी आजमगढ़ का है उससे आज बहुत खुशी हो रही होगी। आपका ये प्यार और आजमगढ़ का ये विकास जातिवाद परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडि गठबंधन की नींद उड़ा रहा है। यहां के लोगो ने माफिया का राज देखा है आज यहां का कानून भी जनता देख रही है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि चुनाव के मौसम में पहले क्या हुआ करता था। पहले की सरकारों में बैठे हुए लोग जनता की आंख में धूल चुकाने के लिए घोषणा कर देते थे। कभी-कभी तो उनकी हिम्मत इतनी होती थी कि पार्लियामेंट में रेलवे की नई-नई योजनाएं घोषित कर देते थे और बाद में कोई पूछने वाला नहीं है। 2024 में (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अबकी बार 400 के पार : डॉ. महेश शर्मा



**नोएडा (चेतना मंच)।** 'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने नोएडा विधानसभा के पंचशील प्रतिष्ठा, सैक्टर-75, मैक्स बिल्स ग्रांड वेलिंगटन, सैक्टर-75, मैक्सब्लिस व्हाईट हाउस, सैक्टर-75, एपेक्स एथेना, सैक्टर-75, जेएम अरोमा, सैक्टर-75, इलाइट गोल्फ ग्रीन, सैक्टर-79, स्काईटेक मैट्रोट, सैक्टर-76, आदित्य सेलेब्रिटी होम्स, सैक्टर-76, श्री कृष्णा अपार्टमेन्ट, सैक्टर-119, ए ब्लाक, सैक्टर-122 का भ्रमण किया और वहां के निवासियों की प्रमुख समस्याओं के बारे में जाना। सभी सेक्टरवासियों ने सांसद का भव्य स्वागत किया और सांसद ने अभिवादन स्वीकार करते हुए उनका आभार प्रकट किया।

सैक्टरवासियों ने सांसद को फ्लैटों की रजिस्ट्री न होने, खराब स्ट्रीट लाईटें, पार्क की बदहाल स्थिति, पीने के पानी की समस्या एवं एसटीपी जैसी सुविधाओं के अभाव के बारे में अवगत कराया। सांसद ने कहा फ्लैटों की रजिस्ट्री के संबंध में प्रदेश सरकार ने जो कानून लागू किये है वह जल्द ही प्रभावी रूप से क्रियान्वित होंगें।

सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और वहां के लोगों को सरकारी (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अब कांग्रेस ने कर दिया खेला भाजपा से बड़े जाट नेता को तोड़ा



**हरियाणा (एजेंसी)।** राजनीति में खेला शब्द खूब पॉपुलर हो गया है। केन्द्र में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी आए दिन कोई न कोई राजनीतिक खेला करती रहती है। रविवार को कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ा खेला कर दिया है। कांग्रेस ने हरियाणा प्रदेश में भाजपा को जोरदार झटका देते हुए बड़े जाट नेता वीरेन्द्र सिंह के परिवार को अपने पाले में मिला लिया है। हरियाणा की हिंसार लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद तथा वीरेन्द्र सिंह के पुत्र बृजेन्द्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कह दिया है। अपने पिता वीरेन्द्र सिंह के साथ हिंसार के सांसद बृजेन्द्र सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। इस उठा पटक को हरियाणा की राजनीति में कांग्रेस का बहुत बड़ा खेला माना जा रहा है। सांसद बृजेंद्र सिंह का परिवार हरियाणा का राजनीति में एक मजबूत स्थान रखता है।

हिसार लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बृजेन्द्र सिंह ने भाजपा छोड़ दी है। भाजपा से त्यागपत्र की घोषणा सांसद बृजेन्द्र सिंह ने खुद अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दी है। भाजपा से इस्तीफा देते समय सांसद बृजेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नडडा को धन्यवाद भी कहा है। बृजेन्द्र सिंह के त्याग-पत्र को राजनीतिक विश्लेषक कांग्रेस पार्टी का बड़ा खेला बता रहे हैं। सबको पता है कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र सिंह बड़े जाट नेता माने जाते हैं। एक समय था जब चौधरी वीरेन्द्र सिंह हरियाणा की राजनीति (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अज्ञात शूटरों ने दो लड़को पर बरसाई गोलियां, एक की मौत दूसरे का हाल नाजुक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में एक भार फिर गोलीकांड हुआ है। नार्थ ईस्ट दिल्ली के उस वक्त सनसनी फैल गई जब देर रात अरबाज और आबिद उर्फ भोंदू नाम के दो लड़को पर अज्ञात शूटरों ने 20 से 21 राउंड गोलियां चलाई। इम गोलीकांड में अरबाज की मौके पर ही मौत हो गई और उसका साथी आबिद गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार आबिद को सीरियस हालत में जग प्रवेश चंद्र हॉस्पिटल से जीटीबी हॉस्पिटल रेफर किया गा है। अरबाज और आबिद के सिर को टारगेट बनाकर गोलियां मारी गई। पुलिस के अनुसार देर रात अरबाज और आबिद को आशा डिस्पेंसरी, ब्रह्मपुरी पुलिया, सीलमपुर के पास सार्वजनिक शौचालय के सामने कुछ लोगों ने गोली मार दी।

एफएसएल टीम और क्राइम टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। घटनास्थल से 10 खाली खोखे (7.65 मिमी) जब्त किए गए। घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। साथ ही हमलावरों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि हत्या, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट का मामला सीलमपुर थाने में दर्ज किया गया है आगे की जांच जारी है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्वी) जॉय टिर्की ने घटना के बारे में बात करते हुए कहा कि हत्या का मामला दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अरबाज पर आपराधिक मामले दर्ज थे और आबिद के रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि शूटर की पहचान करने के लिए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का विश्लेषण और अन्य जांच की जा रही है।

# छलेरा में ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन आयोजित




**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी में मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक सम्मेलन के तहत आज सैनिक विहार मंडल के तहत ग्राम छलेरा में सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री गणेश जाटव तथा वरिष्ठ नेता महेश चौहान मौजूद थे।

इस सम्मेलन की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के नोएडा महानगर के जिलाध्यक्ष उमेश यादव ने की तथा संचालन महामंत्री भगत भाटी ने किया ।मुख्य अतिथि ने सामाजिक सम्मेलन में ओबीसी वर्ग की सामाजिक सम्मेलन के माध्यम से मोदी जी द्वारा ओबीसी वर्ग के लिए किए गये अनेक कार्यों को गिनाया।

इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र सिरोही, रामकिशन यादव, ज़िला मंत्री सुधीर अवाना, संदीप चौधरी, मण्डल अध्यक्ष महीपाल प्रजापति, सुरेंद्र बंसल, हेमंत प्रजापति, रमेश साहनी आदि लोगों ने भाग लिया।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, 5 घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर में जमीन के मामले को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिसबल मौके पर पहुंचा। इस मामले में कुछ लोगों को पुलिस थाने लेकर आ गई। बताया जा रहा है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा में स्थित लखनावली गांव में गुरुवार को सिंचाई विभाग की टीम पहुंची। बताया जा रहा है कि सिंचाई विभाग की टीम के द्वारा एक जमीन की नपाई की जा रही थी। तभी कुछ लोग मौके पर आ गए। मौके पर दो पक्षों ने सिंचाई विभाग के सामने जमीन को अपनी-अपनी बताने का दावा किया। इसी को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि इस बात को लेकर दोनों पक्ष आक्रोशित हो गए। इसी बीच खूनी संघर्ष शुरू हो गया। दोनों पक्षों में खूब मारपीट हुई। मारपीट के दौरान 5 लोगों को चोट आई। इस घटना के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

# सरयू में डूबने से कानपुर के 3 युवकों की मौत

## रामलला के दर्शन करने कानपुर से गए थे 6 दोस्त



**अयोध्या (एजेंसी)।** रामनगरी अयोध्या में बड़ी घटना हो गई। यहां रामलला के दर्शन को आए 3 युवकों की मौत हो गई। यहां कानपुर से अयोध्या दर्शन पूजन करने आए 6 दोस्तों में से 3 युवकों की सरयू में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जल पुलिस और स्थानीय लोगों ने तीनों का रेस्क्यू उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागे, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कानपुर के रहने वाले 6 युवक अयोध्या दर्शन पूजन स्नान के लिए आए थे। इस दौरान सरयू नदी में शमशान घाट पर नहाने के लिए चले गए। जहां पर एक युवक के डूबने लगा। तो एक, दूसरे को बचाने के चक्कर में तीन युवक गहरे पानी में चले गए। उनकी सरयु में डूबने से मौत हो गई। मौके पर मौजूद तीन अन्य मित्रों ने जब चीख-पुकार मचाई, तो जल पुलिस और स्थानीय लोगों ने सरयू में कूद कर तीनों को निकाला। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

हादसे में कानपुर के रहने वाले रवि मिश्रा 20 वर्ष, प्रियांशु सिंह 16 वर्ष और हर्षित अवस्थी 18 वर्ष की सरयू में डूबने से मौत हुई है। सूचना पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पहुंच गए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना में संज्ञान लिया है। कानपुर से अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आए युवकों के साथ घटना के समय मौजूद मित्र कृष्ण साइकिल ने बताया कि सरयू में नहाते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए। रवि मिश्रा को बचाने के चक्कर में सभी युवक डूबने लगे थे।

सभी लोग कानपुर से अयोध्या दर्शन पूजन करने आए थे। श्री राम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि कानपुर नगर से 6 बच्चे अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आए थे। नहाने के दौरान घटना घटी है। यह लोग आम स्नान घाट पर स्नान न करके राम कथा पार्क के स्थित श्मशान घाट पर स्नान कर रहे थे। जहां पर यह हादसा हुआ। तीनों मृतकों की डेड बॉडी श्री राम अस्पताल के मर्चरी में रखी गई है।

सत्र 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103

## चुनावी फंड

चुनावी चंदे का विवाद राजनीतिक दलों के लिए गले की हड्डी बनता जा रहा है। भले वे पार्टियां इसे बढ़-चढ़ कर राजनीतिक रंग देने की कोशिश में जुटी हैं, जिन्हें कम चंदा मिला है, मगर पारदर्शिता उनके यहां भी नहीं है। चाहे वे राष्ट्रीय दल हों या क्षेत्रीय, सबने अज्ञात स्रोतों से चंदा हासिल किया है। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म यानी एडीआर नामक संगठन ने अपने अध्ययन में खुलासा किया है कि राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे के बयासी फीसद हिस्से के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह चुनावी बांड से प्राप्त हुआ धन है। चुनावी बांड का प्रावधान इसलिए किया गया था कि चंदे के रूप में काले धन का प्रवाह रोका जा सके। मगर वह तरीका कारगर साबित नहीं हुआ। इसे लेकर विवाद तब और बढ़ गया, जब देखा गया कि सत्तापक्ष और विपक्ष के सारे दलों को मिले चंदे की राशि में बहुत अंतर है। कुल चंदे का करीब आधा हिस्सा अकेले सत्तापक्ष को मिला और बाकी में सारे दलों का हिस्सा है। विचित्र बात यह कि एक करोड़ की राशि वाले चंदों की संख्या अधिक थी और छोटी राशि के चंदे बहुत कम आए। मगर चुनावी बांड के नियमों के मुताबिक चूंकि चंदा देने वालों के नाम उजागर नहीं किए जा सकते, इसलिए उनके स्रोत अज्ञात ही बने रहे। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता को यह जानने का अधिकार है कि किस पार्टी को कितना और कहां-कहां से चंदा मिला। हालांकि पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड को असंवैधानिक करार देते हुए उस पर रोक लगा दी और भारतीय स्टेट बैंक से तीन हफ्ते के भीतर वे सारे नाम निर्वाचन आयोग को सौंपने को कहा, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में राजनीतिक दलों को चंदे दिए हैं। मगर स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय में समय सीमा बढ़ा कर जून तक करने की फरियाद लगा दी। इसे लेकर स्वाभाविक ही एक नए तरह का विवाद शुरू हो गया। अब सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई है कि स्टेट बैंक की इस नाफरमानी पर अवमानना की कार्रवाई हो। देखने की बात है कि अदालत इस पर क्या रुख लेती है। मगर एडीआर के अध्ययन से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि चुनावी बांड का प्रावधान इसी मंशा से किया गया था कि राजनीतिक दल मनमाने तरीके से चंदा जुटा सकें और उसके बारे में लोगों को जानकारी भी न मिलने पाए। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों से पारदर्शिता की अपेक्षा की जाती है। अगर वे चंदा जुटा कर अपनी ताकत का प्रदर्शन और अनाप-शनाप खर्च की होड़ शुरू कर दें तो इसे मतदाताओं के साथ गंभीर धोखा ही कहा जाएगा। मतदाता को पूरा हक है कि जिस दल के पक्ष में वह मतदान करता है, उसके बारे में हर जानकारी प्राप्त करे। उसके आय-व्यय का हिसाब भी उसे पता हो। फिर जो कंपनियां राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं, उन्हें भी ओट में न रखा जाए, क्योंकि बहुत सारे लोगों के शेयर उन कंपनियों में लगे होते हैं। इस तरह उन्हें जानने का हक है कि जिस कंपनी के साथ वे जुडे हैं, वह कहीं उनका पैसा किसी गलत जगह तो नहीं लगा रही। आयकर विभाग राजनीतिक दलों के चंदे का भी हिसाब रखता है, मगर चुनावी बांड नियमों की वजह से वह भी अंधेरे में रह जाता है कि चंदे का स्रोत क्या है।

# कांग्रेस के डूबते जहाज में मची है नेताओं की भगदड़

भाजपा के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के डूबते राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोडऩे वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए।

आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोडऩे में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाई कमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमल नाथ की वजह से कांग्रेस छोडऩे वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे फिर इस पार्टी से भी



**आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके।**

अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोडऩा शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बिरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोडऩे की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है। सबसे पहले पार्टी से एक महीने पहले मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दिया। इसके बाद 8 फरवरी को बाबा सिद्दीकी ने पार्टी छोडऩे का ऐलान कर दिया और अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी कांग्रेस की नाव से उतर चुके हैं। कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह आज से जारी नहीं है।

राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब बीजेपी के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोह भंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं। बिहार में अशोक चौधरी, असम के वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, सुनील जाखड़ के साथ अश्वनी कुमार जैसे भी नेता हैं जो पार्टी के काम करने के तरीके से नाखुश होकर पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस ने पूरे देश में विपक्ष को एनडीए के खिलाफ इकठ्ठा करने के लिए इंडिया गठबंधन तैयार किया, तब उसे लगा था कि देश की सत्ता तक पहुंचने के लिए यह रास्ता आसान होगा। लेकिन, एक-एक कर इंडिया गठबंधन से पार्टियां अलग होती चली गईं। सबसे पहले नीतीश कुमार जिन्होंने इस गठबंधन के लिए सबको इकठ्ठा किया था बीजेपी के साथ हो लिए। फिर ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को भी कांग्रेस का साथ रास नहीं आ रहा। ममता कांग्रेस पर निशाना साध रही हैं तो अरविंद केजरीवाल जिस तरह से लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का दावा कर रहे हैं उससे साफ हो गया है कि वह एकला चलो रे की राह पर बढ़ रहे हैं। एनसीपी और शिवसेना टूटी और उनका नेतृत्व जिनके हाथ में है, वह कांग्रेस का विरोध करते रहे हैं।

कांग्रेस के 10 साल के समय को देखें तो पता चल जाएगा कि एक तरफ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से पार्टी की जमीन देश में मजबूत करने की कोशिश हो रही है, दूसरी तरफ पार्टी के दिग्गज और युवा नेताओं ने एक-एक कर पार्टी का साथ छोड़ दिया है। कांग्रेस को छोड़ते समय इनमें से ज्यादातर नेताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और खासकर राहुल गांधी पर उनकी अनदेखी के आरोप लगाए। इनमें से जिन्होंने भी बीजेपी का दामन थामा, उन्हें पार्टी ने जगह भी दी। कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को बाहर का रास्ता दिखाया तो अब उनके भी बीजेपी में शामिल होने की बात कही जा रही है। पार्टी के नेताओं के असंतोष पर ध्यान दें तो पता चलेगा कि बड़े-छोटे देशभर के हर प्रदेश से कुल मिलाकर 400 से ज्यादा की संख्या में अलग-अलग स्तर के नेता कांग्रेस का दामन छोड़ चुके हैं। जर्जर होती कांग्रेस की इसी हालत का फायदा इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों ने उठाया है। क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ लोकसभा की सीटों के मोलभाव अपनी सुविधा के हिसाब से कर रहे रहे हैं। लाचार कांग्रेस के पास क्षेत्रीय दलों की शर्तें मानने के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं बचा है। यही वजह है कि कांग्रेस ने पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में मजबूरी में समझौते किए हैं। यह बात दीगर है कि कभी इन राज्यों में कांग्रेस के दुदंभी बजती थी।

दरअसल भाजपा के ताकतवर होने होने के बाद कांग्रेस ने कभी भी पार्टी के लगातार कमजोर पड़ते जाने को लेकर आत्मंथन नहीं किया। कांग्रेस अपनी किसी भी नीति और सिद्धांत पर कायम नहीं रह सकी। ऐसे में भाजपा ने कांग्रेस के ढहते किले में तोडफ़ोड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। भाजपा ने दोतरफ से कांग्रेस का घेराव किया। एक तरफ कांग्रेस शासन के भ्रष्टाचार और गलत नीतियों को न सिर्फ उजागर किया बल्कि कई दिग्गजों पर सीबीआई और ईडी की कार्रवाई भी करवाई। दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस में सेंधमारी करके उसे हाशिए पर लाने में कसर बाकी नहीं रखी। दोनों तरफ से पिटती कांग्रेस में नेताओं को लगने लगा कि इसके दिन लद गए लगते हैं। कांग्रेस छोडऩे वाले नेताओं बेशक भाजपा में अपना भविष्य बेहतर लग रहा हो, किन्तु भाजपा के अनुशासन केंद्रीकृत नीतियों के चलते कांग्रेस जैसी मौज नहीं मिल सकती।

**- योगेन्द्र योगी**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि कलियुग में सब लोग वर्णसंकर और मर्यादा से च्युत हो गए। वे पाप करते हैं और ( उनके फलस्वरूप ) दु:ख, भय, रोग, शोक और ( प्रिय वस्तु का ) वियोग पाते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**श्रुति संमत हरि भक्ति पथ संजुत बिरति बिबेक।**
**तेहिं न चलहिं नर मोह बस कल्पहिं पंथ अनेक॥**

वेद सम्मत तथा वैराग्य और ज्ञान से युक्त जो हरिभक्ति का मार्ग है, मोहवश मनुष्य उस पर नहीं चलते और अनेकों नए-नए पंथों की कल्पना करते हैं॥

**बहु दाम सँवारहिं धाम जती। बिषया हरि लीन्हि न रहि बिरती॥**
**तपसी धनवंत दरिद्र गृही। कलि कौतुक तात न जात कही॥**

संन्यासी बहुत धन लगाकर घर सजाते हैं। उनमें वैराग्य नहीं रहा, उसे विषयों ने हर लिया। तपस्वी धनवान हो गए और गृहस्थ दरिद्र। हे तात! कलियुग की लीला कुछ कही नहीं जाती॥

**कुलवंति निकारहिं नारि सती। गृह आनहिं चेरि निबेरि गती॥**
**सुत मानहिं मातु पिता तब लौं। अबलानन दीख नहीं जब लौं॥**

भावार्थ-कुलवती और सती स्त्री को पुरुष घर से निकाल देते हैं और अच्छी चाल को छोड़कर घर में दासी को ला रखते हैं। पुत्र अपने माता-पिता को तभी तक मानते हैं, जब तक स्त्री का मुँह नहीं दिखाई पड़ता॥2॥

**ससुरारि पिआरि लगी जब तें। रिपुरूप कुटुंब भए तब तें॥**
**नृप पाप परायन धर्म नहीं। करि दंड बिडंब प्रजा नितहीं॥**

जब से ससुराल प्यारी लगने लगी, तब से कुटुम्बी शत्रु रूप हो गए। राजा लोग पाप परायण हो गए, उनमें धर्म नहीं रहा। वे प्रजा को नित्य ही (बिना अपराध) दंड देकर उसकी विडंबना (दुर्दशा) किया करते हैं॥

**धनवंत कुलीन मलीन अपी। द्विज चिन्ह जनेउ उघार तपी॥**
**नहिं मान पुरान न बेदहि जो। हरि सेवक संत सही कलि सो॥**

धनी लोग मलिन (नीच जाति के) होने पर भी कुलीन माने जाते हैं। द्विज का चिह्न जनेऊ मात्र रह गया और नंगे बदन रहना तपस्वी का। जो वेदों और पुराणों को नहीं मानते, कलियुग में वे ही हरिभक्त और सच्चे संत कहलाते हैं॥

क्रमशः

## व्यंग्य
# उपहार तो लेने की चीज है

मानवीय व्यवहार में देने की संस्कृति को सराहा जाता है। माना जाता है कि दूसरों को देने से जो खुशी, संतुष्टि मिलती है उसका कोई विकल्प नहीं। लेकिन अब तो लेने की संस्कृति भी काफी विकसित होती जा रही है। हम इस बात की परवाह नहीं करते कि क्या दे रहे हैं, इस बात का ध्यान रखते हैं कि क्या ले रहे हैं और क्या मिल सकता है।



हर वर्ष नए साल से शुरू होकर साल खत्म होने तक दर्जनों अवसर आते हैं जब उपहार दिए जाते हैं लेकिन उनके बदले रिटर्न गिफ्ट देना जरूरी नहीं समझा जाता। हां, कुछ खास उपहारों के बदले खास काम जरूर होते हैं। इस सम्बन्ध में मिले उपहारों को उपहार कम, उस काम की कीमत ज्यादा मान सकते हैं। इतनी बड़ी दुनिया के छोटे छोटे देशों ने ऐसी ऐसी परम्पराएं बना रखी हैं कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के देशवासियों को हैरानी होती है। जापान में उपहार मिल जाए तो उसे किसी भी तरह लौटाकर समायोजित किया जाता है। रिटर्न गिफ्ट की कीमत, उपहार की कीमत से आधी होनी जरूरी है। उसके साथ लिखे जाने वाले उचित संदेश के नियम भी हैं।

हमारे यहां अधिकांश मामलों में रिटर्न गिफ्ट की कीमत बारे कोई विचार नहीं, न ही संदेश जरूरी है। यहां नेताओं और अधिकारियों द्वारा बड़े-बड़े उपहार प्राप्त करना उनका अधिकार है। वहां कोई अपने कर्मचारी को रिटर्न गिफ्ट देगा तो उसकी कीमत उपहार से दोगुना होनी चाहिए। दिलचस्प यह है कि पारम्परिक रूप से वहां वैलेंइटाइम-डे पर महिलाएं ही पुरुषों को उपहार दे सकती हैं फिर अगले दिन पुरुष मिले उपहारों के बदले महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट देते हैं। हमारे यहां लड़की चाहती है कि उपहार तो लड़का ही दे। शादी जैसे अवसरों पर रिटर्न गिफ्ट तय करना मुश्किल हो जाता है इसलिए वहां कैटलाग बनाए जाते हैं जिससे रिटर्न गिफ्ट लेने वाला अपनी पसंद का रिटर्न गिफ्ट चुन सकता है। हमारी तरह नहीं कि पसंद आए न आए, चिपका दिए जाते हैं ताकि घर के स्टोर की शोभा में बढ़ोतरी हो।


हमारे यहां दिवाली पर बतीसे का एक ही मीठा उपहार कई घरों में घूमने की सांस्कृतिक परम्परा है। वहां लगभग हर अवसर पर उपहार देने की प्रथा है। स्कूल में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, स्नातक, नौकरी, शादी, माता पिता बनना और सठियाने पर भी उपहार दिया जाता है। मरने पर अंत्येष्टि धन दिया जाता है। हमारे यहां उपहार लेना ज्यादा पसंद किया जाता है, उपहार तो हम देने के लिए देते हैं फिर गणना शुरू हो जाती है कि हमें क्या मिलेगा।

**- संतोष उत्सुक**


**"हर वर्ष नए साल से शुरू होकर साल खत्म होने तक दर्जनों अवसर आते हैं जब उपहार दिए जाते हैं लेकिन उनके बदले रिटर्न गिफ्ट देना जरूरी नहीं समझा जाता। हां, कुछ खास उपहारों के बदले खास काम जरूर होते हैं।"**

## राशिफल


फाल्गुन कृष्ण पक्ष : अमावस्या | ( विक्रम संवत् 2080 )




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )** मां का साथ होगा। भूमि भवन वाहन की खरीदारी होगी लेकिन गृह कलह भी हो सकती है।




**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )** पराक्रम रंग लाएगा रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोडा मध्यम, प्रेम संतान माध्यम, व्यापार सही चलेगा।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )** धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबो में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान बहुत अच्छा।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )** जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान थोड़ा अभी भी मध्यम चल रहा है।




**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )** मन बेचैन रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी ठीक है।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )** आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )** राजनीतिक लाभ मिलेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगा। पिता का साथ होगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )** परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान बहुत अच्छा, व्यापार भी बहुत अच्छा।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )** सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, समाज में सराहे जाएंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान में सुधार हो चुका है।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )** शत्रुओं पर विजय मिलेगी। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चकरी की स्थिति अच्छी होगी। पारिवारिक स्ट्रक्चर सुधरेगा।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )** शत्रु नुकसान पहुंचने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक होंगे और रुका हुआ आपका कार्य चल पड़ेगा स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )** विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा। प्रेम में नोकझोंक हो सकता है। संतान पक्ष से थोड़ी सी नोकझोंक हो सकती है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने 1.60 लाख वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया

- **तुस्याना में अधिग्रहित, बिसरख में डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनी काट रहे थे कॉलोनाइजर**
- **रजिस्ट्री का प्रपत्र प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं ताकि कॉलोनाइजरों पर कानूनी कार्रवाई हो सके**



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम तुस्याना की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन और बिसरख के डूब क्षेत्र की जमीन पर बन रहे अवैध निर्माण को तोड़ दिया। दोनों जगह पर प्राधिकरण की टीम ने करीब 1.60 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई है। तुस्याना में अधिग्रहण से मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 100 करोड़ रुपये होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव तुस्याना के खसरा नंबर 987, 988 और 989 की जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन है। कॉलोनाइजर इस जमीन पर कॉलोनी काट रहे थे। शनिवार को परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 3 के प्रभारी मनोज सचान, प्रबंधक प्रशांत समाधिया, सहायक प्रबंधक गौरव बघेल व सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी की टीम प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया। टीम ने करीब 50 हजार वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है। 5 जेसीबी और दो डंफर का इस्तेमाल कर यह कार्रवाई की गई। इसी तरह बिसरख के डूब क्षेत्र में खसरा नंबर 1, 2 व 3 की लगभग 1.10 लाख वर्ग मीटर जमीन को भी अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए प्राधिकरण ने कब्जे में ले लिया है। यह प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन है। ओएसडी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए क?ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा है कि अवैध रूप से जमीन कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। अगर किसी कॉलोनाइजर से अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदा है तो रजिस्ट्री का प्रपत्र लेकर पुलिस से शिकायत करें। साथ ही इसकी एक कॉपी प्राधिकरण को भी उपलब्ध कराएं ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

# तेरापंथ जैन महिला मंडल ने पेश किया नुक्कड़ नाटक



**नोएडा (चेतना मंच)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-40 में तेरापंथ जैन श्वेतांबर महिला मंडल द्वारा नुक्कड़ नाटक तथा प्रेरणा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर महिला मंडल की सदस्यों ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक तथा गीत की प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया।



इस अवसर पर साध्वी अणिमाश्री के अलावा तेरापंथ जैन समाज की नोएडा में पधारी अन्य साध्वी मौजूद थीं। इस कार्यक्रम में तेरापंथ श्वेतांबर जैन महासभा के प्रदेश प्रवक्ता विकास जैन के अलावा कार्यक्रम की संयोजक डॉ. आरती बोथरा कोचर प्रेम सिखानी महिला मंडल की अध्यक्ष सुमन सिस्खानी मंत्री कुसुम जैन रजत बोथरा दिलीप मुकेश जैन कविता लोढ़ा समेत जैन समाज के सैकड़ो महिलाएं तथा पुरुष मौजूद थे।

# जीएसटी विभाग ने पकड़ी 35 लाख की शराब



**ग्रेटर नोएडा।** जीएसटी विभाग ने जांच के दौरान एक ट्रक से 35 लाख रुपए की शराब और बीयर को जब्त किया है। आरोपित च्यवनप्राश व अन्य उत्पाद की आड़ में शराब की तस्करी कर रहे थे।

राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड दो विवेक आर्या ने बताया की अपर आयुक्त गौतमबुद्ध नगर चांदनी शर्मा के निर्देश पर माल वाहक वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। इसी कड़ी में पिछले दिनों तड़के सुबह नोएडा जोन जीएसटी की सचल दल इकाई द्वारा ग्रेटर नोएडा में केएमपी एक्सप्रेस वे के सिरसा कट के पास वाहनों की जांच के दौरान वाहन संख्या UP 13 CT 4925 को रोका गया।

प्रस्तुत प्रपत्रों के अनुसार गाड़ी में एक कंपनी के च्यवनप्राश एवं अन्य उत्पादों को जालंधर से कटनी भेजा जा रहा था। प्रपत्रों में अनियमितता पाए जाने पर वाहन को डिटेन कर कार्यालय लाया गया। दूरभाष पर पूछताछ करने पर भेजने व पाने वाले व्यापारियों ने माल के स्वामित्व व प्राप्ति से इन्कार किया।

संदेह होने पर वाहन की जांच की गई जिसमें नामी कंपनी के उत्पाद के स्थान पर आईएमएफएल और बीयर की पेटियां दिखीं। तुरंत आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया जिनके समक्ष वाहन की जांच की गई तो पूरे वाहन में 653 पेटी शराब व बीयर पाई गई। कुल 6090.96 लीटर आईएमएफएल और बीयर की 17640 बोतलें पाई गई जिनकी अनुमानित कीमत रु 35.00 लाख बताई गई है।

बरामद शराब व बीयर को वाहन सहित आबकारी विभाग की सुपुर्द कर दिया गया। राज्य कर विभाग के जांच दल में सहायक आयुक्त सुजीत सिंह, अजय कुमार एवं प्रवीण सिंह शामिल थे। जांच कार्य का नियंत्रण एवं संचालन संयुक्त आयुक्त योगेश विजय ने किया।

# पुलिस ने चार तस्कर पकड़े

**मोदीनगर।** पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थ के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान अमित निवासी महेन्द्रपुरी कॉलोनी ,विकास निवासी देवनगर कॉलोनी ,अंकित उर्फ बंदर निवासी सुदामापुरी कॉलोनी व गिरोह का सरगना अमित उर्फ मोटा निवासी सी लाइन महेन्द्रपुरी कॉलोनी के रूप में हुई है। एसीपी ने बताया कि अमित गिरोह का सरगना है। उन्होंने बताया कि अमित पुड़िया बनाकर अपने गुर्गे की मदद से इलाके में गांजे की सप्लाई करता था। एक पुड़िया की कीमत एक सौ रुपए से शुरु होती है।

# बिजली सब स्टेशन में तार चोरी कर रहा बदमाश पकड़ा

**मुरादनगर।** बिजली सब स्टेशन परिसर से तार चोरी कर रहे एक बदमाश को गार्ड ने पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से औजार व अन्य सामान बरामद किया है।

एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के अवर अभियंता मिंटू ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। उन्होने बताया कि बिजली सब स्टेशन परिसर में शुक्रवार रात को एक बदमाश कटीले तार पार करके अंदर घुस गया। वह बिजली सब स्टेशन परिसर से बिजली के तार व अन्य सामान चोरी कर रहा था। गार्ड ने देखा लिया और सीटी बजा दी तो अन्य गार्ड भी मौके पर आ गए और किसी तरह बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान नाजिम निवासी जीतपुर कॉलोनी के रूप में हुई है।

### जिले के पांचों विधानसभा में आगमी लोस चुनाव की मतदाता सूची में 39 हजार मतदाता बढ़े

# दो लाख लोगों को मिलेगा नया मतदाता पहचान पत्र

**गाजियाबाद।** जिले के मतदाताओं के लिए अच्छी खबर है। नए रंग रूप और डिजिटल की तरह दिखने वाले दो लाख से ज्यादा मतदाताओं को उनके पहचान पत्र मिलेंगे। यह पहचान पत्र तहसील में पहुंच चुके हैं। इनका मतदाताओं तक पहुंचाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।



जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों और धौलाना आंशिक में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के मुकाबले आगमी लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में 39 हजार मतदाता बढ़ गए हैं। सबसे ज्यादा 21 हजार मतदाता साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में बढ़े हैं। निवार्चन आयोग के निर्देश पर इस बार प्रशासन ने सोसाइटियों की पड़ताल की थी। इसमें ऐसे सोसाइटी चुनी गईं, जहां के मतदाताओं को वोट डालने के लिए दूर जाना पड़ता है। ऐसी कुल 35 सोसाइटियों का चयन किया गया। इन सभी के क्लब या फिर सटे मतदान केंद्रों पर बूथ बनाने को निर्णय लिया गया। साथ ही, प्रशासन नए वोटर कार्ड भी वितिरित करने में लग गया है। जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 29,38,845 है। प्रशासन के अनुसार, करीब दो लाख से ज्यादा मतदाताओं ने नए एपिक कार्ड के लिए आवेदन किया गया है, जो पहुंचने लगे हैं। पांचों विधानसभाओं में सबसे ज्यादा मतदाता साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में हैं। साहिबाबाद में वर्ष 2022 में 10,12,154 मतदाता थे। वहीं, अब इनकी संख्या बढ़कर 10,33,314 तक पहुंच गई है। एपिक कार्ड में भी सबसे ज्यादा साहिबाबाद क्षेत्र के हैं।

मतदाता सूची में इस बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा बढ़ी है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद से पुरुष मतदाताओं की संख्या 17,788 बढ़ी। वहीं, महिला मतदाताओं की संख्या में 21,568 का इजाफा हुआ। इसी कारण इस बार प्रति हजार महिला वोटर की संख्या 811 पर पहुंच गई है। नए मतदाता पहचान पत्रों में महिलाओं के ज्यादा कार्ड हैं।

जिन मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र आ चुके हैं, उन्हें डाक के जरिए घर भेजा जा रहा है। करीब 40 हजार एपिक कार्ड प्राप्त हो चुके हैं। इनको वितरण के लिए डाकघर को भेजा जा चुका है। जो कार्ड वापस लौटकर आ रहे हैं, उन्हें बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के घर पहुंचाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, जिन लोगों को नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। वह फार्म नंबर-6 को ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन तहसील में जमा कर सकते हैं। अंतिम प्रकाशन के बाद उनके नाम को पूरक सूची में शामिल किया जाएगा।

## पृष्ठ एक के शेष....

**किसानों का...**

वहीं चार घंटे तक चलने वाले आंदोलन के दौरान किसानों ने आम जनता से घर से बाहर न निकलने की अपील की है।

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, हम अपना विरोध जारी रखेंगे। हम आज दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक 4 घंटे के लिए ट्रेनें रोकेंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के क्रियान्वयन से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि जब हमने यह विरोध शुरू किया था तो हमें पता था कि हम 40 दिनों में यह विरोध नहीं जीत पाएंगे। हम अपनी ताकत बढ़ाना जारी रखेंगे।

किसानों ने बताया कि एमएसपी गारंटी कानून, किसानों व मजदूरों की कर्ज़मुक्ति, एमएसपी, 2013 का भूमि अधिग्रहण कानून लागू करने, साल में 200 दिन मनरेगा के अनुसार रोजगार व मनरेगा को खेती से जोड़ने सहित अन्य मांगों को पूरा करने पर कोई सहमति नहीं बनी है इसलिए किसान आंदोलन जारी है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**प्रधानमंत्री ने दी...**

भी किए जा रहे शिलान्यासों को भी कोई चुनाव के चश्मे से न देखे, ये विकास के लिए मेरी अनंत यात्रा का परिणाम है।

उन्होंने आगे कहा कि मैं 2047 तक, देश को विकसित भारत बनाने के लिए तेज गति से दौड़ रहा हूं और देश का तेज गति से दौड़ा रहा हूं। किसानों को आज पहले की तुलना में कई गुना बढ़ी हुई स्व्क्कदी जा रही है। गन्ना किसानों के लिए भी इस साल लाभकारी मूल्य में 8त्न की वृद्धि की गई है। अब गन्ने का लाभकारी मूल्य 315 रुपये से बढ़कर 340 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

**अबकी बार 400...**

लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अबकी बार 400 पार के नारे को लेकर प्रधानमंत्री ने आहवान किया है हम सब मिलकर फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुने और केन्द्र में भाजपा की बहुमत की सरकार बनायें। और कहा कि आप सभी का स्नेह और सहयोग मुझे मिलता आ रहा है और हम फिर मिलकर एक साथ देश के नरेन्द्र मोदी को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनायें।

"सांसद आपके द्वार" के दौरान संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि, पंकज झा, मंडल अध्यक्ष, अजीत पाण्डेय, मंडल महामंत्री, अरूण, मंडल उपाध्यक्ष, वाई.पी. गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष, अभिषेक तिवारी, मंडल मंत्री, शिव मोहन भारद्वाज, मण्डल उपाध्यक्ष, देशराज सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष, अजय तायल, पराग, सुजीत झा, गौरव दुबे, बी.एस. पाठक, राकेश दिवान, आषुतोष गौतम, मृत्ययुंजय, रोहित, रामेन्द्र, सुधीर, पवन चैहान, मंडल मंत्री, संदीप त्यागी, सुजीत सिंह, मुकेष कुमार रहेजा, बृजेष, जितेन्द्र सिंह, तनुज, अमन गुप्ता, प्रभात कुमार राय, अनमोल सिंह, उत्पल कुमार, सुमिता गुप्ता, दुष्यंत कुमार, आषीष कुमार, संजय पंडित, दिनेष जैन, सतीष माहेष्वरी, एस.सी जैन, सतवीर सिंह, राकेश कुमार, शंकर, देवेन्द्र गुप्ता, आर.पी. सिंह, रवि सक्सेना, अरूण सिरोही, अरविंद पाण्डेय, विषाल चैधरी, विजय शर्मा, आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

**सीएम योगी का...**

एक अन्य दवा खरीदने की भी अपील करवा दी। दो टीमें इन मामलों की जांच में जुटी हुई है। फेसबुक से दोनों अकाउंट के बारे में जानकारी मांगी गई है। वीडियो में एआई के माध्यम से जो ऑडियो डाला गया है, उसमें कहा जा रहा है, 'दवा भारतीय वैज्ञानिकों ने तैयार की है। जो भी शख्स इस वेबसाइट से दवा खरीदेगा उसको भगवान का सम्मान मिलेगा। लोगों को झांसा देने के लिए सीएम के चेहरे का वीडियो में इस्तेमाल किया गया है।

बता दें कि इससे पहले भी कई बड़ी हस्तियों के डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। सबसे पहले एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो सामने आया था, जिसने बहुत तूल पकड़ा। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद सारा तेंदुलकर और शुभमन गिल का भी एक डीपफेक वीडियो सामने आया था।

**अब कांग्रेस ने कर...**

के केन्द्र में रहा करते थे। वीरेन्द्र सिंह लम्बे अर्से तक कांग्रेस के नेता रहे उनका पूरा परिवार खासतौर से बृजेन्द्र सिंह भी मूलरूप से कांग्रेसी ही रहे हैं। यह अलग बात है कि सांसद बृजेंद्र सिंह राजनीति के मैदान में उतरने से पहले एक आईएएस अधिकारी के तौर पर काम कर रहे थे। वर्ष 2019 के लोकसभा के चुनाव में भाजपा ने बृजेंद्र सिंह को सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दिलवाकर लोकसभा का चुनाव लड़ाया था।

आपको बताते चले कि हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं। बात 2019 के लोकसभा चुनावों की करें तो भाजपा ने सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी। हिसार से भाजपा के कैंडिडेट बृजेंद्र सिंह 314068 वोटों से चुनाव जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनावों में नौकरशाह से नेता बने बृजेंद्र सिंह ने जेजेपी के दुष्यंत चौटाला और भव्य बिश्नोई जो उस समय कांग्रेस के साथ थे उन्हें हराकर हिसार लोकसभा सीट जीती थी। बृजेंद्र सिंह केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं और आईएएस की नौकरी छोड ?र चुनावी दंगल में उतरे थे। पूर्व बीजेपी सांसद बृजेंद्र सिंह के पिता बीरेंद्र सिंह 2022 तक राज्यसभा सदस्य रहे। वह पांच बार 1977, 1982, 1994, 1996 और 2005 में उचाना से विधायक चुने गए और तीन बार प्रदेश सरकार में मंत्री रहे हैं। बृजेंद्र सिंह 1984 में हिसार लोकसभा क्षेत्र से ओमप्रकाश चौटाला को हराकर सांसद बने थे। इस पूरे घटनाक्रम से हरियाणा की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। सभी विश्लेषक इसे कांग्रेस का बड़ा खेला बता रहे हैं। विषेशलकों का दावा है कि कांग्रेस के इस दांव से हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी का बड़ा नुकसान हो सकता है। वैसे भी हरियाणा में भाजपा व जेजेपी का गठबंधन में पेंच फंसा हुआ है। सांसद बृजेंद्र सिंह नही चाहते थे कि भारतीय जनता पार्टी जेजेपी के साथ अपना गठबंधन जारी रखें।



## खास खबर

### प्राइवेट इवेंट में परफॉर्म करने का ऑफर एक्सेप्ट नहीं: कंगना रनोट



**मुंबई:** एक्ट्रेस कंगना रनोट उन चुनिंदा बॉलीवुड सेलेब्स में से एक हैं जो अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन में नजर नहीं आईं। अब उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इंडस्ट्री के अपने उन कलीग्स पर टेक लिया है जिन्होंने अंबानी की पार्टी में परफॉर्म किया था। इतना ही नहीं, अपनी तुलना लता मंगेशकर से करते हुए कंगना ने कहा कि उन्होंने लता जी की तरह कभी किसी प्राइवेट इवेंट में परफॉर्म करने का ऑफर एक्सेप्ट नहीं किया। कंगना आए दिन अपने इसी तरह के तीखे बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। कंगना ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की। उन्होंने एक आर्टिकल का फोटो शेयर किया जिसमें लिखा था- लता मंगेशकर ने कहा था कि अगर उन्हें कोई 5 मिलियन डॉलर भी दे तो भी वह शादियों में नहीं गाएंगी। इसे शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, ह्यमैंने अपनी लाइफ में बहुत आर्थिक तंगी झेली है लेकिन लताजी और मैं केवल दो ही ऐसे लोग हैं, जिनके गाने सबसे ज्यादा हिट हुए।

### नबाम तुकी का कांग्रेस अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**ईटानगर:** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी आम चुनाव से पहले यहां की प्रदेश कांग्रेस (एपीसीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।



एपीसीसी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि हाल ही में पार्टी के तीन विधायकों के सत्तारूढ़ भाजपा में चले जाने के कुछ दिनों बाद तुकी ने भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेज दिया। एपीसीसी महासचिव ग्यामर ताना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि वह वरिष्ठ विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक सके। इससे पहले 25 फरवरी को, विपक्षी कांग्रेस के चार विधायकों में से दो दोपासीघाट पश्चिम से निनॉन्ग एरिंग और तिरप जिले के बोरदुरिया-बोगापानी विधानसभा सीट से वांगलिन लोवांगडोंग ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने के लिए इस्तीफा दे दिया है, जिससे कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

### कुर्स्क में ड्रोन का मलबा पॉलीक्लिनिक पर गिरा, मरीजों को सुरक्षित निकाला

**मॉस्को:** मध्य रूस के कुर्स्क शहर में ड्रोन का मलबा एक पॉलीक्लिनिक पर गिरा, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन विस्फोट के खतरे के कारण पड़ोसी इमारत से मरीजों को सुरक्षित निकाला गया। यह जानकारी गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने दी। इससे पहले, उन्होंने कुर्स्क क्षेत्र में एक मिसाइल खतरे की सूचना दी थी। बाद में हवाई रक्षा बल ने कुर्स्क में एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। स्टारोवॉयट ने टेलीग्राम पर लिखा कि कुर्स्क में यूक्रेनी मानव रहित विमान के टुकड़ा 6 वें पॉलीक्लिनिक की छत पर गिरा जिससे 22 वर्ग मीटर छत क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

### इटली में हड़ताल से जनजीवन बाधित

**रोम:** इटली में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल से परिवहन, स्वास्थ्य सेवा और स्कूलें बंद होने से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। समाचार एजेंसी ने शनिवार को ट्रेड यूनियनों के सूत्रों के हवाले से बताया कि वे लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए मजबूत उपायों के साथ-साथ बेहतर, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के हड़ताल करने से ट्रेनों, फेरी और स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को बड़े व्यवधानों का सामना करना पड़ा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का स्तर अलग-अलग था। राष्ट्रीय रेलवे कंपनी, फेरोवी डेलो स्टेटो (एफएस), और स्थानीय परिवहन ऑपरेटरों ने पीक आवर्स में यात्रियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए काम किया।

### हैती की राजधानी में गोलीबारी

**पनामा सिटी:** हैती की राजधानी पोर्ट-ऑफ-प्रिंस के राष्ट्रीय महल के आसपास गोलीबारी की आवाज सुनी गयी हैं। स्पेन की ईएफई समाचार एजेंसी की ओर से शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, हूती सशस्त्र समूहों ने प्रधानमंत्री एरियल हेनरी के इस्तीफे की मांग करते हुए 29 फरवरी से राजधानी में हमला जारी रखा है। उल्लेखनीय है कि हैती दो वर्षों से अधिक समय से व्यापक गिरोह हिंसा से जूझ रहा है, जो जुलाई 2021 में यहां के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइज की हत्या के बाद विशेष रूप से बढ़ गया था। सात फरवरी तक चुनाव कराने में सरकार की विफलता के बाद, कैरेबियाई द्वीप देश में व्यापक सामाजिक अशांति बढ़ गई है।

### यूक्रेनी सैनिकों ने 24 घंटे में 14 बार डीपीआर क्षेत्र पर की गोलाबारी

**डोनेट्स्क:** यूक्रेन के सैनिकों ने पिछले 24 घंटे में डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में 14 बार गोलाबारी की है। यूक्रेन में युद्ध अपराध संबंधित मुद्दों का नियंत्रण एवं समन्वय के लिए संयुक्त केंद्र (जेसीसीसी) में डीपीआर के प्रतिनिधि कार्यालय ने यह जानकारी दी।

कार्यालय ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि पिछले दिन, कार्यालय ने यूक्रेनी सशस्त्र इकाइयों द्वारा सशस्त्र हमलों के 14 मामलों की सूचना दी। बयान के अनुसार यूक्रेनी सैनिकों ने विभिन्न गोला बारूद के 35 राउंड फायर किए। हमले में किसी भी नागरिक के मारे जाने या हताहत होने की सूचना नहीं है।

# विकास में मानवीय मूल्यों की नहीं हो उपेक्षा: कलराज मिश्र

● जयपुर, एजेंसी

**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि अंधाधुंध विकास में मानव मूल्यों की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए।



मिश्र शनिवार को राजस्थान थिंकर्स फोरम द्वारा आयोजित 'राइजिंग राजस्थान : द सोसियो-कल्चरल फ्लैगशिप ऑफ अमृतकाल-भारतवर्ष 2047' विषयक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे यहां बहुत से स्तरों पर संयुक्त परिवार व्यवस्था है। सर्वधर्म सद्भाव और संत-महात्माओं के आदर्श हमारे प्रेरणा के स्त्रोत हैं। समाज उन सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा है, जिसमें प्रगति के साथ जीवन दृष्टि के उदात्त मूल्य समाए हुए हैं। इन्हें बचाए रखते हुए हम कैसे भारत को विश्व भर में आर्थिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक दृष्टि से अग्रणी करें, इस पर अब हमें आगे बढ़ने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने व्यष्टि की बजाय समष्टि में विश्वास रखते हुए कार्य करने, राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए सांस्कृतिक सद्भाव और समन्वय की भावनाओं को बढ़ावा देते हुए विकास के लक्ष्य निर्धारित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से बहुत समृद्ध है परन्तु इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि पर्यटन विकास में सांस्कृतिक प्रदूषण नहीं फैले। औद्योगिक विकास हो परन्तु इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि उससे पारिस्थितिकी संतुलन नहीं बिगड़े। उन्होंने विकास के साथ आने वाली बुराइयों के प्रति सचेत रहने 'विकसित भारत' के लिए सभी को कार्य करने का आह्वान किया।



शनिवार को असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की अपनी यात्रा के दौरान महिला वन रक्षकों की टीम वन दुर्गा से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# पाक के राष्ट्रपति बने जरदारी

## आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14 वें राष्ट्रपति बन गए, उन्होंने इमरान खान समर्थित उम्मीदवार अचकजई को 230 वोटों से हराया

● इस्लामाबाद/लाहौर, एजेंसी

**पाकिस्तान** में शनिवार को राष्ट्रपति पद के चुनाव में आसिफ अली जरदारी ने जीत हासिल की है। जरदारी पाकिस्तान के 14 वें राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने इमरान खान के कैंडिडेट महमूद खान अचकजई को 230 वोटों से हराया। जरदारी को 411 वोट मिले, जबकि अचकजई सिर्फ 118 वोट हासिल कर पाए। नवाज की पार्टी पीएमएल-एन और बिलावल की पार्टी पीपीपी ने मिलकर जरदारी को उम्मीदवार बनाया था। वे साल 2008 में भी राष्ट्रपति बने थे। वहीं, इमरान समर्थक एसआईसी पार्टी ने अचकजई को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया था।

राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करते हुए पाकिस्तान नेशनल असेंबली के कुछ सदस्यों ने इमरान खान जिंदाबाद के नारे लगाए। हालांकि जरदारी का राष्ट्रपति बनना पहले से तय माना जा रहा था।जरदारी को अपनी पार्टी पीपीपी के अलावा नेशनल असेंबली में नवाज की पार्टी पीएमएल-एन और 3 अन्य पार्टियां का समर्थन मिला। वहीं, मौलाना फजल-उर-रहमान की जेयूआई-एफ पार्टी आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए संसद से जुड़े सभी इलेक्शन बायकॉट किया। ऐसे में उन्होंने राष्ट्रपति



चुनाव में हिस्सा नहीं लिया। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री की तरह ही राष्ट्रपति बनने के लिए उम्मीदवार का मुस्लिम होना जरूरी होता है। इस चुनाव में पाकिस्तान की नेशनल असेंबली (संसद) और पाकिस्तान के राज्यों से चुने गए सदस्यों ने वोट डाला। राष्ट्रपति चुनावों के लिए सीक्रेट बैलट से वोटिंग हुई।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, रविवार को नए राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इससे पहले शुक्रवार को राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पद से फेयरवेल दिया गया था।आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हैं। वो देश की पहली महिला प्रधानमंत्री रहीं बेनजीर भुट्टो के पति और पीपीपी चेयरमैन बिलावल भुट्टो के पिता हैं। जरदारी को पाकिस्तान में मिस्टर 10% कहा जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वे बेनजीर की सरकार के दौरान किसी भी प्रोजेक्ट की शुरूआत या सरकार से लोन की इजाजत दिलवाने के बदले 10% के कमीशन की मांग करते थे। भ्रष्टाचार, बैंक फ्रॉड, किडनैपिंग और हत्या के आरोपों में जरदारी ने करीब साढ़े 8 साल जेल की सजा काटी है। बेनजीर ने अपनी राजनीतिक वसीयत में जरदारी को पार्टी नेता के रूप में अपना उत्तराधिकारी नामित किया था।

2007 में भुट्टो की हत्या के बाद नवाज की पार्टी पीएमएल-एन के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और जनरल परवेज मुशर्रफ को सत्ता से बेदखल कर दिया था। इसके बाद 6 सितंबर 2008 को जरदारी पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने थे।76 साल के महमूद खान अचकजई पाकिस्तान में पश्तून नेता और पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के चेयरमैन हैं। पिता अब्दुल समद खान अचकजई की मौत के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा। 1989 में उन्होंने अपनी पार्टी पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी का गठन किया था।

# युवा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण पक्ष: धनखड़

● नई दिल्ली, एजेंसी

**उप** राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाने का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि कॉर्पोरेट और उद्योग घरानों को आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना से काम करना चाहिए।

धनखड़ ने यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में अरुण जेटली बहुउद्देशीय स्टेडियम के नामकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पारदर्शी और जवाबदेह शासन की दिशा में परिवर्तनकारी बदलाव हो रहा है। इससे भारत उत्साहित है और आने वाले कुछ वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। उन्होंने विधायिकाओं में राष्ट्र-विरोधी बयानों पर गहरी चिंता व्यक्त की और सभी से इसे निष्प्रभावी करने के लिए सामूहिक प्रयास करने को कहा। आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि इससे देश की विदेशी मुद्रा पर रोजमर्रा की वस्तुओं के सस्ते आयात के हानिकारक प्रभाव, युवाओं के लिए नौकरी के अवसर खोने और उनके उद्यमशीलता विकास में बाधा होती है।



उन्होंने कॉरपोरेट्स, उद्योग, व्यापार और वाणिज्य संघों से युवाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना से काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में, भ्रष्टाचार रोजगार या अवसरों की नहीं, बल्कि एक अलग मंजिल की ओर ले जाता है। देश में विशेषाधिकार प्राप्त समूह को ध्वस्त कर दिया गया है और एक ऐसे परिवेश को बढ़ावा दिया गया है जहां सभी समान हैं और इससे युवाओं को एक बड़ा नैतिक बढ़ावा मिला है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जो लोग अपने आप को कानून से ऊपर समझते थे, उन्हें अब अन्य लोगों की तरह ही देश के कानून के प्रति जवाबदेह ठहराया जा रहा है।

### कश्मीर में रात का तापमान शून्य से नीचे

**श्रीनगर:** कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर रात का तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में रविवार तक कोई विशेष मौसमी हलचल होने के आसार नहीं हैं लेकिन इसके बाद अगले तीन-चार दिनों कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या हिमपात हो सकते हैं । वहीं 15 से 18 मार्च के बीच मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मध्य कश्मीर के सोनमर्ग का रिसॉर्ट शून्य से 07 डिग्री सेल्सियस नीचे सबसे दर्ज किया गया, जो सबसे ठंडा रहा। राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से कम 0.2 डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में शून्य से कम 06 डिग्री सेल्सियस , पहलगाम में शून्य से कम 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस, कटरा में 9.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

### अफगानिस्तान: सड़क दुर्घटना में सात मरे

**काबुल:** अफगानिस्तान के पश्चिमी निमरोज प्रांत में एक वाहन के पलट जाने से सात यात्रियों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। प्रांतीय यातायात पुलिस अधिकारी अबिदुल्ला मीरवाइज ने शनिवार को बताया कि सड़क दुर्घटना कल रात दिलाराम जिले को प्रांतीय राजधानी जरांज शहर से जोड़ने वाली सड़क पर हुई। इस हादसे में चार पुरुषों, दो महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चे सहित तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफगानिस्तान में पिछले चार दिनों में सड़क दुर्घटना की यह दूसरी घटना है। इससे पहले, गत बुधवार को पूर्वी गजनी प्रांत में एक बस के पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 32 घायल हो गए थे। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान में लापरवाही से गाड़ी चलाना, भीड़भाड़ वाली सड़कें, यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी है।

### इंडोनेशिया में बाढ़, भूस्खलन से 10 की मौत

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के रीजेंसी पेंसिसिर सेलातन में बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और इतनी ही संख्या में लोग लापता हो गए। स्थानीय प्रबंधन एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पेंसिसिर सेलातन आपदा शमन एजेंसी के प्रमुख डोनी गुस्रिजल ने एक बयान में कहा कि बचावकर्मी अभी भी अन्य लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं और मूसलाधार बारिश के बीच बाढ़ तथा भूस्खलन से प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुबह तक बारिश जारी थी। कई क्षेत्रों से संपर्क टूटा हुआ है, जिससे वहां से गुजरना मुश्किल हो गया था। फिर भी हमने पीड़ति ग्रामीणों की मदद के लिए नावों का इस्तेमाल किया है। गुस्रीजल के अनुसार, 45,000 से अधिक लोग रीजेंसी के प्रत्येक उप-जिले में एजेंसी द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी आश्रय स्थलों में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि 20,000 से अधिक घरों में पानी भर गया।




शनिवार को शिमला में महाशिवरात्रि उत्सव के अवसर पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

# अब लोग और इंतजार नहीं कर सकते:आजाद

● श्रीनगर, एजेंसी

**डेमोक्रेटिक** प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि संभावना है कि लोकसभा चुनाव के एक या दो महीने के भीतर जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे।

आजाद ने दक्षिण कश्मीर में एक सार्वजनिक बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि वह पिछले छह साल से विधानसभा चुनाव की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पिछले छह से सात वर्षों से उम्मीद कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव होंगे। अब उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के एक-दो महीने के भीतर ये चुनाव होंगे। अब जम्मू-कश्मीर के लोग और इंतजार नहीं कर सकते। जब उनसे पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन



(पीएजीडी) में दरार के बारे में पूछा गया और क्या इससे भारतीय जनता पार्टी को मदद मिलेगी, तो पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि लोग अब समझ गए हैं कि किस पार्टी या उम्मीदवार को वोट देना है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके पास पीएजीडी विभाजन के बारे

**कहा - लोग अब समझ गए हैं कि किस पार्टी या उम्मीदवार को वोट देना है**

में कहने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बताना मुश्किल होगा कि इससे किसे फायदा होगा। अब लोग बहुत चतुर हैं और वे समझते हैं कि किस पार्टी या व्यक्ति को वोट देना है। पीएजीडी- जिसका गठन 2020 में अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए लड़ने के लिए किया गया था- गठबंधन के दो मुख्य घटक नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर निशाना साधने के बाद टूटने की कगार पर पहुंच गया है।

# कांग्रेस और राजद पिछड़ा-अति पिछड़ा विरोधी: शाह

## कहा-सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है

● पटना, एजेंसी

**केंद्रीय** गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर पिछड़ा-अति पिछड़ा विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को प्रधानमंत्री और लालू प्रसाद यादव का अपने पुत्र को मुख्यमंत्री बनाना है तो ये गरीबों का भला कैसे कर सकते हैं।

शाह ने शनिवार को पालीगंज में भाजपा की पिछड़ा-अति पिछड़ा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना और लालू का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना

**शाह बोले-मोदी ने पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के लिए पिछले दस साल में कई काम किए लेकिन लालू जिसकी गोद में बैठे हैं उस कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा और अति पिछड़ा का अपमान किया है। पूर्व में केंद्र की कांग्रेस सरकार सालों तक काका साहेब कालेकर आयोग की रिपोर्ट को दबाकर बैठी रही।**

है। जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं वे गरीबों के बेटे-बेटियों का भला कर सकते हैं क्या। पिछड़ा-अति पिछड़ा, दलित और गरीब का कोई भला कर सकता है तो वह केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा है। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी ने पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के लिए पिछले दस साल में कई काम किए लेकिन लालू जिसकी गोद में बैठे हैं उस कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा और अति पिछड़ा का अपमान किया है। पूर्व में केंद्र की कांग्रेस सरकार सालों तक काका साहेब कालेकर आयोग की रिपोर्ट को दबाकर बैठी रही। मंडल आयोग की रिपोर्ट को श्रीमती इंदिरा गांधी ने दबा दिया और जब यह रिपोर्ट संसद में पेश हुई तो राजीव गांधी ने दो



घंटे भाषण कर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण का विरोध किया जबकि भाजपा ने इसका समर्थन किया। आज लालू उसी कांग्रेस की गोदी में जाकर बैठे हैं, जिसने हमेशा ओबीसी आरक्षण का विरोध किया।


# जनता को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है: सुदेश महतो

**रांची:** पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में चतरा के टंडवा समेत राज्य के कई इलाके में लोग विस्थापन का दर्द सह रहे हैं और विस्थापन के खिलाफ आवाज उठाने पर आम आदमी के खिलाफ मुकदमा कराया जाता है।

महतो ने टंडवा स्थित किशनपुर मैदान में आयोजित मिलन समारोह में कहा कि जनता शासन से डरी हुई है। झूठे एफआईआर से लोगों को डराया जा रहा है। हक और अधिकार देने की सरकार के पास न नीति है और नहीं नीयत। इस दौरान सिमरिया के पूर्व विधायक गणेश गंझू ने अपने हजारों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# फिरकी पर नाचा इंग्लैंड का बैजबाल क्रिकेट

## अश्विन ने मैच में झटके नौ विकेट, भारत ने पांचवां टेस्ट मैच पारी और 64 रन जीता



- **न्यूजीलैंड को पछाड़ कर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहली पायदान पर पहुंचा भारत**
- **टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया**
- **सौवें टेस्ट में नौ विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने आर अश्विन**

● धर्मशाला, एजेंसी।

**अपने** टेस्ट करियर के 100वें मैच में रविचंद्रन अश्विन (51 रन पर चार विकेट और 77 रन पर पांच विकेट) के यादगार प्रदर्शन के अलावा कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हरा कर पांच मैचों की सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया।

भारत इसी के साथ न्यूजीलैंड को पछाड़ कर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहली पायदान पर पहुंच गया है। हिमालय की खूबसूरत वादियों में घिरे धर्मशाला के मैदान पर इंग्लैंड ने पहली पारी में 218 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतक की मदद से अपनी पहली पारी में 477 रन बना कर 259 रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल की और दूसरी पारी में इंग्लैंड की पारी को 195 रनों पर समेट कर मैच के साथ-साथ सीरीज जीत ली। इस मैच में अश्विन और कुलदीप की गेंदों का जादू इंग्लैंड के बैजबाल क्रिकेट पर सर चढ़ कर बोला। अश्विन ने इंग्लैंड की पहली पारी में चार विकेट चटकाए थे जबकि दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर अपने सौवें टेस्ट को यादगार बना दिया। सौवें टेस्ट में नौ विकेट लेने वाले वह दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए है। इससे पहले श्रीलंका ने अपने 100वें टेस्ट में आठ विकेट झटके थे। दूसरे छोर पर उन्हें कुलदीप का भरपूर साथ मिला। पहली पारी में पांच विकेट झटकने वाले कुलदीप ने दूसरी पारी में 40 रन देकर दो विकेट निकाले। उन्हे प्लेयर ऑफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा तेज गेंदबाजों के लिए बेअसर पिच पर जान फूंकते हुए जसप्रीत बुमराह ने एक ही ओवर में दो विकेट निकाल कर मैच को ढाई दिन के भीतर पैक अप करने के संकेत दे दिए थे। जो रुट (84) ने एक छोर पर टिक कर खेलते हुए जबरदस्त संघर्ष किया मगर दूसरे छोर पर उन्हे साथी बल्लेबाजों का अपेक्षित साथ नहीं मिला। जॉनी ब्रेस्टो (39) के अलावा टॉम हार्टली (20) और शोएब बशीर (13) ने विकेट पर टिकने की चाहत दिखाई मगर बेदर्द भारतीय गेंदबाजों के आगे उनकी यह तमन्ना पूरी नहीं हुई और कुलदीप की गेंद पर रुट के बुमराह द्वारा लपकने के साथ इंग्लैंड की दूसरी पारी का पुलिंदा 49वें ओवर में ही बंध गया। इससे पहले इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत के दो पुछल्ले विकेट जल्दी निकाल कर भारत की पारी का समापन शुरुआती आधे घंटे के खेल में कर दिया। कुलदीप यादव (30) जेम्स एंडरसन के टेस्ट करियर का 700वां शिकार बने जबकि जसप्रीत बुमराह (20) को शोएब बशीर ने स्टांप आउट कराया।



### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड पहली पारी : 218 रन

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टंप फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5 | 3 |
| रोहित शर्मा बो स्टोक्स | 103 | 162 | 13 | 3 |
| शुभमन गिल बो एंडरसन | 110 | 150 | 12 | 5 |
| देवदत्त बो बशीर | 65 | 103 | 10 | 1 |
| सरफराज का रूट बो बशीर | 56 | 60 | 8 | 1 |
| जडेजा पगबाधा बो हार्टली | 15 | 50 | 0 | 0 |
| जुरेल का डकेट बो बशीर | 15 | 24 | 2 | 0 |
| रवि अश्विन बोल्ड हार्टली | 00 | 5 | 0 | 0 |
| कुलदीप का फोक्स बो एंडरसन | 30 | 69 | 2 | 0 |
| बुमराह स्टंप फोक्स बो बशीर | 20 | 64 | 2 | 0 |
| सिराज नाबाद | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 06 रन

कुल: 124.1 ओवर में 477 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जेम्स एंडरसन | 16 | 2 | 60 | 2 |
| मार्क वुड | 15 | 1 | 89 | 0 |
| टॉम हार्टली | 39 | 3 | 126 | 2 |
| शोएब बशीर | 46.1 | 5 | 173 | 5 |
| बेन स्टोक्स | 5 | 1 | 17 | 1 |
| जो रूट | 3 | 0 | 8 | 0 |

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉली का सरफराज बो अश्विन | 0 | 16 | 0 | 0 |
| बेन डकेट बो अश्विन | 02 | 5 | 0 | 0 |
| ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन | 19 | 23 | 3 | 0 |
| जो रूट का बुमराह बो कुलदीप | 84 | 128 | 12 | 0 |
| बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 31 | 3 | 3 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 2 | 10 | 0 | 0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 8 | 17 | 0 | 0 |
| हार्टली पगबाधा बो बुमराह | 20 | 24 | 4 | 0 |
| मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह | 00 | 2 | 0 | 0 |
| बशीर बो जडेजा | 13 | 29 | 3 | 0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08 रन

कुल: 48.1 ओवर में 195 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 2 | 38 | 2 |
| रविचंद्रन अश्विन | 14 | 0 | 77 | 5 |
| रवींद्र जड़ेजा | 9 | 1 | 25 | 1 |
| कुलदीप यादव | 14.1 | 0 | 40 | 2 |
| मोहम्मद सिराज | 1 | 0 | 8 | 0 |

## धर्मशाला में अश्विन ने गुरु कुबंले को पीछे छोड़ा

धर्मशाला, : भारतीय गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को धर्मशाला के मैदान पर अपने सौवें टेस्ट मैच में नौ विकेट लेकर इस मुकाम पर यह कारनामा करने वाला दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा उन्होंने एक पारी में पांच विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुबंले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैड को पारी और 64 रन से हरा दिया। अश्विन के टेस्ट करियर का यह 100वां टेस्ट था जिसमें उन्होने पहली पारी में चार विकेट और दूसरी पारी में पांच विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होने एक पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लिए है। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह कारनामा 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था। अगर कुल विकेटों की भी बात करें तो धर्मशाला टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर अश्विन के 516 टेस्ट विकेट हो गए हैं। अश्विन ने मैच के बाद कहा कि मैं बहुत खुश हूं, मैं कैसा महसूस कर रहा हूं, इसके बारे में बता नहीं सकता। बहुत कुछ हुआ, 100वें टेस्ट के बारे में बहुत सारी बातें हुई।

## जेम्स एंडरसन ने पूरे किए 700 टेस्ट विकेट



धर्मशाला, : जेम्स एंडरसन ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार की सुबह धर्मशाला में भारत के कुलदीप यादव को आउट कर अपना 700 विकेट पूरे किए। तेज गेंदबाज ने टेस्ट में 698 विकेट से शुरुआत की और 699 पर पहुंच गए जब उन्होंने शतकवीर शुभमन गिल को खूबसूरत रिवर्स स्विंग के साथ बोल्ड किया। उन्हें अपने मील के पत्थर के क्षण के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार करना पड़ा, जब दूसरे दिन के शेष समय में स्पिनरों का दबदबा रहा। अगले दिन, उन्होंने 30 रन पर विकेट के पीछे कैच आउट होकर कुलदीप को आउट करके अपना 700वां विकेट हासिल किया। उनका पहला टेस्ट विकेट 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ लॉड्र्स में आया था जहां उन्होंने पांच विकेट लेकर अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी। तेज गेंदबाज के रूप में 700 के क्लब में प्रवेश करने के लिए एंडरसन को 184 और टेस्ट खेलने पड़े।

## खास खबर

### चोट के कारण तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित शर्मा



**धर्मशाला** : पीठ में अकड़न के कारण कप्तान रोहित शर्मा धर्मशाला टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की कमान संभाली है। भारत को सीरीज के दौरान अपने शीर्ष खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलीं। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को धर्मशाला टेस्ट के लिए टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण विशाखापट्टनम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे और अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति में भाग लेने के लिए राजकोट टेस्ट के दौरान घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली ने सीरीज के सभी मैच नहीं खेले हैं। शमी अपने टखने की चोट के कारण और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए। क्वाड्रिसेप टेंडन की चोट के कारण केएल राहुल हैदराबाद टेस्ट को छोड़कर सभी मैच नहीं खेल पाए, जो भारत हार गया था।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उद्घाटन मैच में छत्तीसगढ़ और मप्र के बीच

**पुणे** : पुणे में 13 मार्च में शुरु होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में गत चैंपियंस हॉकी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा। मध्य प्रदेश इस चैंपियनशिप में पिछले सीजन के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी, तो कई उभरते खिलाड़ियों को अनुभवी भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलना का मौका मिलेगा। जहां वरिष्ठ खिलाड़ी अपने खेल के समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहेंगे, वहीं युवा खिलाड़ी अपने खेल के समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहेंगे। इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन के जरिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। मौजूदा चैंपियन हॉकी मध्य प्रदेश को टूर्नामेंट में हॉकी बिहार और छत्तीसगढ़ हॉकी के साथ पूल ए में रखा गया है। क्वार्टर फाइनल के लिए आठ पूलों में से प्रत्येक से एक टीम के क्वालीफाई करने के साथ, हॉकी मध्य प्रदेश शुरू से ही अपने खेल में शीर्ष पर रहना चाहेगा। पूल ए का टॉपर पूल एच के टॉपर से खेलेगा जिसमें हॉकी बंगाल, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी गुजरात और तेलंगाना हॉकी शामिल हैं। हॉकी मध्य प्रदेश 14 मार्च को ग्रुप चरण का अपना दूसरा और अंतिम मैच हॉकी बिहार के खिलाफ खेलेगी। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के बारे में बोलते हुए, मौजूदा चैंपियंस हॉकी मध्य प्रदेश की कोच वंदना ने कहा कि पिछला सीजन शानदार था।

## बीसीसीआई ने टेस्ट खिलाड़ियों की मैच फीस तीन गुणा बढ़ाई

● मुंबई, एजेंसी।

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टेस्ट खेलने वाले अपने खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सीजन के 75 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को एक टेस्ट खेलने के 45 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं 50 प्रतिशत से 74 प्रतिशत खेलने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख मिलेंगे। बीसीसीआई ने यह ऐलान शनिवार को टीम इंडिया के धर्मशाला टेस्ट जीतने के बाद किया। यह मैच फीस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के अलावा मिलेगी।

हाल ही में एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट की ओर आकर्षित करने के लिए फीस बढ़ाने के साथ-साथ इंशेटिव राशि बढ़ाने की बात कही गई थी। बीसीसीआई की योजना आईपीएल 2024 के बाद टेस्ट मैच फीस में बढ़ोतरी और इंसेटिव स्कीम को लागू करने की थी। लेकिन, बोर्ड ने धर्मशाला जीत के बाद ही ऐलान कर दिया। भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हारा दिया। इसी के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीत ली। एचपीसीए स्टेडियम में गुरुवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। पहली पारी में इंग्लैंड 218 और टीम इंडिया 477 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को दूसरी पारी में 259 रन का बढ़त मिली, इंग्लैंड टीम 195 रन पर ही सिमट गई। इस तरह इंग्लिश टीम को पारी और 64 रन से हार का सामना करना पड़ा। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने मैच में 9 विकेट लिए। पिछले दिनों बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों को लेकर वॉर्निंग दी थी और नेशनल टीम का हिस्सा नहीं हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना ही होगा।

**एक सीजन में 75 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ी को एक मैच के मिलेंगे 45 लाख**

**50 प्रतिशत से 74 प्रतिशत खेलने वाले खिलाड़ियों को मिलेंगे 30 लाख**

## कौर की पारी से मुंबई प्लेऑफ में

**मुंबई इंडियंस ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में सात विकेट से हराया**

● नई दिल्ली, एजेंसी।



महिला प्रीमियर लीग 2024 के 16वें मैच में मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की तूफानी अर्धशतकीय पारी के दम पर गुजरात जायंट्स का सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में अपना स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बनी। हरमन ने 48 गेदों में नाबाद 95 रन की पारी खेली।

इससे पहले गुजरात जायंट्स ने दयालन हेमलता और कप्तान बेथ मूनी के अर्धशतकों की मदद से मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 190 रन का स्कोर बनाया और मुंबई को जीत के लिए 191 रन का लक्ष्य दिया। गुजरात की तरफ से सबसे ज्यादा रन दयालन हेमलता ने बनाए। उन्होंने 40 गेंद में 9 चौको और 2 छक्कों की मदद से 74 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

कप्तान बेथ मूनी ने 35 गेंद में 8 चौको और 3 छक्कों की मदद से 66 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। हेमलता और मूनी ने दूसरे विकेट के लिए 121 (62) रन की शतकीय साझेदारी निभाई। मुंबई की तरफ से सबसे ज्यादा 2 विकेट सायका इशाक ने हासिल किए। शबनीम इस्माइल, हेले मैथ्यूज, पूजा वस्त्राकर और सजीवन सजना ने एक-एक विकेट लिया। गुजरात की तरफ से वाल्वार्ट ने 14 गेंद में 13 रन बनाए और उन्हें हेले मैथ्यूज ने बोल्ड कर मुंबई को पहली सफलता दिलाई थी।

## हुसामुद्दीन को जूड ने हराया

### विश्व ओलंपिक बॉक्सिंग क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से हुए बाहर

● बस्टो अर्सिजियो, एजेंसी।



**विश्व** चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता भारत के मोहम्मद हुसामुद्दीन शनिवार को इटली के बस्टो अर्सिजियो में अपना राउंड ऑफ 32 का मैच हारने के बाद पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पहले वर्ल्ड बॉक्सिंग क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

पुरुषों के 57 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करते हुए, भारतीय मुक्केबाज मौजूदा कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन आयरलैंड के 22 वर्षीय जूड गैलाघेर से 4-0 से हार गए। दो बार के कॉमनवेल्थ गेम्स के कांस्य पदक विजेता 30 वर्षीय हुसामुद्दीन को पहले दौर में बाई मिला थी। उनके बाहर निकलने के साथ, निशांत देव देश के लिए ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में बने रहने वाले एकमात्र भारतीय बने हुए हैं। बस्टो अर्सिजियो मीट में कुल नौ भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया। निशांत देव, जो विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता भी हैं, वह रविवार देर रात पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में अपने राउंड ऑफ 16 मैच में एक्शन में होंगे। पहला विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट 590 से अधिक मुक्केबाजों की मेजबानी कर रहा है और 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के लिए 28 और महिलाओं के लिए 21 सहित कुल 49 कोटा दांव पर हैं। महिलाओं के 57 किग्रा (दो कोटा) और महिलाओं के 60 किग्रा (तीन कोटा) को छोड़कर, अन्य भार वर्गों में चार कोटा की पेशकश होगी। महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने पिछले साल एशियाई खेलों में भारत के लिए कोटा हासिल किया था। प्रत्येक देश पेरिस ओलंपिक के लिए प्रति भार वर्ग में अधिकतम एक कोटा हासिल कर सकता है।


## मसाकाद्ज़ा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट डायरेक्टर का पद छोड़ा

**टीम टी-20 वर्ल्ड कप में नहीं पहुंच सकी, 3 महीने पहले हटे थे कोच**



**हरारे, एजेंसी।** : पूर्व क्रिकेटर हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) के डायरेक्टर का पद छोड़ दिया है। उनकी टीम 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी, इसीलिए मसाकाद्ज़ा ने यह फैसला लिया। 3 महीने पहले टीम के कोच डैव हटन ने भी अपना पद छोड़ दिया था।

मसाकाद्ज़ा ने 2019 में क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया था। उन्हें फिर इसी साल अक्टूबर में डायरेक्टर का पद सौंप दिया गया। मसाकाद्ज़ा ने अपने रेजिग्नेशन लेटर में लिखा कि मैंने जिम्बाब्वे क्रिकेट की सक्सेस और असफलता को देखने के बाद बहुत ध्यान से पद छोड़ने का फैसला किया। मेरे करियर में टीम को सफलता मिली लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाना निराशाजनक है। हम एकमात्र फुल मेंबर टीम है, जो टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगी। युगांडा के खिलाफ हारना टीम और मेरे करियर का सबसे खराब फेज है। मैं इस बात की पूरी जिम्मेदारी लेकर अपने पद को छोड़ता हूं। युगांडा ने जिम्बाब्वे को अफ्रीकन क्वालीफायर में हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया। मसाकाद्ज़ा ने कहा कि मेरे लिए यह फैसला लेना मुश्किल था लेकिन मैं अब भी जिम्बाब्वे क्रिकेट से जुड़ा रहूंगा।



# ठंडा दूध सेहत के लिये सबसे उत्तम

**ऑफिस, जिम से आकर बुरी तरह से थक जाते हैं और तुरंत ऊर्जा के लिए कुछ खाने के लिय ढूंढ्ते हैं तो, आपको एक ओट्स और ठंडे दूध का कटोरा भर खा जाएं। इससे आपकी खोई हुई एनर्जी भी वापसी आएगी और मसल्स को रिपेयर होने के लिए प्रोटीन भी मिल जाएगा।**

दूध का नाम सुनते ही कई लोगों की मुंह, नाक-भौं सिकुड जाती है, पर यदि उन्हें ठंडे दूध के लाभ के बारे में पता चल जाए तो इससे कभी पीना नहीं छोडेंगे। दूध सेहत के लिये सबसे उत्तम पेय पदार्थ है। दूध में कैल्शियम और विटामिन डी होता है जो न केवल हड्डियों के लिये ही बल्कि पूरी सेहत के लिय बढियां माना जाता है।

कई लोगो को दूध पीना पसंद नहीं होता। वहीं कई लोग दूध को ठंडा और कई लोग गरम दूध पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन क्या अपने कभी सोचा है कि दोनों में से कौन सा दूध पीना ज्यादा बेहतर है।

ऑफिस, जिम से आकर बुरी तरह से थक जाते हैं और तुरंत ऊर्जा के लिए कुछ खाने के लिय ढूंढते हैं तो, आपको एक ओट्स और ठंडे दूध का कटोरा भर खा जाएं। इससे आपकी खोई हुई एनर्जी भी वापसी आएगी और मसल्स को रिपेयर होने के लिए प्रोटीन भी मिल जाएगा।

अगर आप बिल्कुल ठंडा दूध पियें तो सबसे पहले शरीर को नॉर्मल तापमान पर लाने के लिये कैलोरी बर्न करनी पडेगी और फिर उसे पचाना पडेगा। इससे आपका मोटापा कंट्रोल में रहेगा।

आप ठंडे दूध को कार्नफ्लेक्स या ओट्स के साथ मिलाकर पी सकते हैं। ठंडा दूध पीने एसीडिटी, बार-बार भूख लगना, मोटापा आदि जैसी छोटी-मोटी बीमारियों दूर हो सकती है।


गरम दूध पीने की एक अच्छी बात यह है कि इसे पीने से आपका शरीर इसे आराम से हजम कर सकता है।

Recipe

# गुड का परांठा

**बनाने की विधि**

आटे को किसी बडे बर्तन में निकाल लीजिये, आटे में नमक और 1 छोटी चम्मच घी डालकर मिला दीजिये। गुनगुने पानी की सहायता से नरम आटा गूथ कर तैयार कर लजिये। गुथे आटे को ढक्कर 20 मिनट के लिए रख दीजिये। आटा फूल कर सैट हो जायेगा। स्टफिंग तैयार कर लीजिये गुड में बादाम पाउडर और इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स कर कर लीजिये। तवा गरम कीजिये, आटे से थोडा सा आटा एक छोटी-छोटी लोई बनाकर पेडा बनाइये, सूखे आटे में लपेट कर 3-4 इंच के व्यास में परांठा बेल लीजिये, बेले गये परांठे के ऊपर थोडा सा घी लगाइये। अब 1-2 छोटी चम्मच स्टफिंग परांठे के बीच में रखिये और परांठे को चारों ओर से उठाकर स्टफिंग को बन्द कीजिये। अब उंगलियों से दबाकर स्टफिंग को चोरों एक जैसे फैलाते हुये परांठे को बढाइये, अब इसे सूखे आटे में लपेट कर हल्का दबाब देते हुये गोल 5-6 इंच के व्यास में थोडा मोटा परांठा बेल कर तैयार कीजिये। तवा गरम हो गय है। तवे पर परांठा डालिये और निचली सतह हल्की सी सिकने पर परांठा पलट दीजिये, दूसरी सतह पर हल्की चित्ती आने पर ऊपर की सतह पर थोडा सा घी डालकर, चारों और फैलाइये, परांठे को पलट दीजिये और दूसरी ओर भी घी लगाकर चारों ओर फैलाइये।परांठे को दोनों ओर पलट कर ब्राउन चित्ती आने तक सेकिये। सिके परांठे को प्लेट पर रखी प्याली या बिछे फोइल के ऊपर ररिखये ओर सारे परांठे इसी तरह से सेक कर तैयार कर लीजिये। तो तैयार गुड यम्मी-यम्मी के परांठा।



**सामग्री-**

2 कप गेहूं का आटा
नमक स्वादानुसार
1/2 कप गुनगुना पानी
3-4 इलायची
2-3 टेबल स्पून घी
चावल का आटा पलेथन के लिए।



# गुजिया

गुझिया एक पारंपरिक भारतीय पकवान है जिसे मैदे या आटे के अंदर खोये और मेवे का मिश्रण भर के तल के बनाया जाता है। लेकिन आज हम आपके लिए लाये हैं किशमिश गुजिया।

**सामग्री-**

ताजा पनीर मसला हुआ 1 1/2 प्याला
किशमिश 1/4 प्याला
बूरा चीनी 1/4 प्याला
बादाम सूखें पिसे 1/2 बडा चम्मच
मैदा 2 प्याले
मोयन का घी 3 चम्मच
तलने के लिए रिफाइंड।

**बनाने की विधि-**

मैदा छानें व मोयन के लिए घी या रिफाइंड डाल कर अच्छी तरह से मसलें। थोडा पानी डालकर मैदा कोनमरम ही गूंधें व गीले कपडे से ढक कर रखें। एक समान लोइयां तैयार करें व पतली-पतली बेलें। पनीर को भारी पेंदे के बर्तन में डाल कर गर्म करें। पिसे बादाम मिला कर भरावन तैयार करें। प्रत्येक बेले हुए गोल के किनारों पर मैदा पेस्ट लगाएं। भरावन भर सांचे से निकाल कर गर्म रिफाइंड में मध्यम आंच पर तैयार करें। गर्मागर्म या ठंडा गुजियां सर्व करें।

# चटपटी पावभाजी



**सामग्री-**

1 कटोरी मिक्स सब्जी इसमें मटर
गोभी, गाजर और आलू मिला सकती हैं।
1/2 कटोरी प्याज बारीक कटा
1 छोटा चम्मच भुना जीरा
1 छोटा चम्मच लाल मिर्चपाउडर
2 बडे चम्मच हरा धनिया बारीक कटा
3-4 हरी मिर्चें बारीक कटी
2 बडे टमाटर
स्वादानुसार नमक

**बनाने की विधि**

1 छोटा चम्मच अदरम-लहसुन का भुना मसाला पेटा और 4-5 पाव व देसी घी।
टमाटरों को उबाल कर प्यूरी बना लें। कडाही में थोडा सा देसी घी गरम करें।
उसमें टमाटर की प्यूरी डाल दें और अच्छी तरह पकाएं।
उसमें नमक, धनिया, लाल व हरी मिर्च और अदरक-लहसुन का भुना मसाला पेस्ट मिलाएं।
मिक्स सब्जी को उबाल कर इसमें मिलाएं और प्यूरी सूखने तक पकाएं।
सब्जी को अच्छी तरह से मैश कर लें। सर्विंग डिश में तैयार भाजी रखें। भुना जीरा, हरा धनिया, प्याज मिलाएं।
पाव को गरम तवे पर घी लगाकर सेंक कर भाजी के साथ सर्व करें।

# मैरिड कपल कुछ यूं संवारें अपना बेडरूम

**आपकी खुशहाल लाइफ को ज्यादा रोमांचक बनाने में बेडरूम का अपनी ही जगह है।**

## पेंट

आपके बेडरूम की दीवारों को मनचाहे कलर्स से कलर कर बेडरूम का माहौल खुशनुमा बना सकते हैं। आप दीवारों पर अलग-अलग तरह के पेंट करवा सकते हैं। पेंट में आप डाई डिस्टेंपर, ऑयल बाउंड डिस्टेंपर, प्लास्टिक इमल्सन, एक्रिलिक, सीमेंट और टेक्स्चर पेंट्स करवा सकते हैं। क्रिस्टल पेंट करवाने से दीवारों रात में चमकती हैं। मिक्स एण्ड मैच पेंट करवाकर कमरे का माहौल रोमांटिक बना सकते हैं। कमरे की छत को लोग व्हाइट कलर में पेंट करवाना पसंद करते हैं। सजावट के लिए झुमर भी लगा सकते हैं। झूमर में आपको बहुत से डिजाइन मिल जाएंगे। आप दीवार पर पोस्टर या पसंदीदा फोटो भी लगवा सकते हैं।



## रूम का डेकोरेशन

टेबल पर आप मनी प्लांट या बोनसाई का पेड रख सकते हैं। रूम में कैंडल स्टैंड और दीये जला सकते हैं। फर्श पर गुलाब के फूलों सेबना डिजाइन रूम को और भी खूबसूरत बना देगा।

## पर्दे

पर्दों का कलर बेडशीट से मिलता होना चाहिए। अगर दीवार का रंग हल्का है तो पर्दे गहरे रंग के होने चाहिए। पर्दे के लिए पॉली सिल्क, पॉली कॉटन, वॉयल सिल्क और कॉटन मिक्स फैब्रिक चुन सकते हैं। आप 2-3 शेड्स के पर्दे लगाकर रूम को खूबसूरत बना सकते हैं। आपके रूम में खिडकी है तो पर्दे हैवी होने चाहिए। पर्दों में सीग्रीन, मैरून, गोल्डन और मल्टी कलर्स काफी चलन में है।



# मोरिंगा फली के सेहतभरे लाभ

ड्रमस्टिक या सहजन की फली के बारे में तो हम सभी अच्छे से जानते हैं। इसका वानस्पतिक नाम मोरिंग ओलिफेरा है। यह लगभग हर घर में बनती है। खाने में तो इसका स्वाद सबको खूब भाता है, लेनिक क्या आप जानते हैं कि इस फली के स्वास्थ्य के लिए कई लाभ है। सहजन के पौधे में जड से लेकर सहजन के फूल, पत्तियों तक सेहत के गुण भरे हुए हैं। इसके ताजे फूलों का इस्तेमाल हर्बल टॉनिक बनाने में किया जाता है, वही इसकी छाल का प्रयोग गोंद बनाने में किया जाता है।सहजन की फली, गर्मियों में बीमारियां काफी फैलती है इसका इलाज छुपा है सहजन की फली में। सुरजने की फली और इसके फूल



इस तरह के मौसमी मुसीबतों से बचाते हैं।

शरीर की बढी हुई चर्बी को दूर करने के एिल मोरिंगा को एक लाभदायक औषधि माना गया है। इसमें फास्फोरस की मात्रा पाई जाती है जो कि शरीर की अतिरिक्त कैलोरी को कम करती है और साथ ही वसा को कम कर मोटापा कम करने में सहायक होती है। सहजन की पत्तियों के रस के सेवन से मोटापा धीरे-धीरे कम होने लगता है।

कई अध्ययनों से पता चला है कि मोरिंगा मधुमेह का कम करने और एंटी ऑक्सीडेंट प्रभाव देने वाला है। मोरिंगा के फूल पेट के कीडों को कम करने केलिए उपयोग किया जाते हैं। सहजन की पत्तियों को पीसकर सिर पर लगाने माइग्रेन से परेशान व्यक्ति के सिर का दर्द भी ठीक हो जाता है।

सहजन में मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे कई मिनरल्स मौजूद होते हैं। कैल्शियम होने के करण यह हमारी हड्डियोको भी मजबूत करने में मदद करता है। आयरन से अनेमिया होने का खतरा कम होता है क्योंकि इसकी मदद से हमारे शरीर के कई हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचता है।

सहजन की पत्तियां और फली दोनों ही रक्त को शुद्ध करने में मददगार होती है। हजन के गुण ये कि सहजन के सूप का रोजाना सेवन करने से मुंहासे ओर उसे जुडी सभी परेशानी दूर हो जाती है। इसके अलावा सहजन के रस के मुंहासे या पिंपल पर लगाने से काफी आराम मिलता है। यह एंटीबायोटिक की तरह भी काम करता है।

# रंग-बिरंगी फल-सब्जियां खाने के लाभ ही लाभ

**रंगीन फल या सब्जियों में बीटा-कैरोटीन, वीटामिन बी समेत विभिन्न पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं।**

अगली बार अगर आप फल-सब्जी खरीदने जाएं तो चटख से चटख रंग की सब्जी और फल खरीदें। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है जो फल एवं सब्जी प्राकृतिक रूप से जितना रंगीन होते हैं वे उतने ही अधिक स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। फलों का रंग उसमें मौजूद विटामिन और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों की जानकारी देता है। रंगीन फ ल या सब्जियों में बीटा-कैरोटीन, वीटामिन बी समेत विभिन्न पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं।

फल जितना रंगीन होगा, वह उतना ही स्वास्थ्यवर्धक होगा। रंगीन फ ल बताता है कि उसमें बीटा-कैरोटीन, विटामिन बी, विटामिन सी एवं अन्य पोषक तत्व अधिक मात्रा में हैं।'' बीटा-कैरोटीन को विटामिन ए के रूप में भी जाना जाता है।




आमतौर पर यह स्तन एवं गर्भाशय कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, मोतियाबिंद, तनाव, ऑर्थराइटिस जैसी बीमारियों के उपचार में मददगार है। यह फल, सब्जी एवं अनाज में पाया जाता है।

हरे रंग के फल हैं, उनमें भी बीटा-कैरोटिन या अन्य पोषक तत्व पाये जाते हैं पर रंगीन फलों की तुलना में उनमें विटामिन कम होते हैं। सभी फलों एवं सब्जी में पोषक तत्व होते हैं चाहे वह हरा हो या फिर किसी और रंग का। लेकिन रंगीन फ लों की तुलना में उनमें विटामिन कम होते हैं।

कृषि अनुसंधान संस्थान का फल एवं बागवानी विभाग आम, अमरूद, बेर जैसे फलों की ऐसी प्रजातियां विकसित करने में लगा है जो अधिक लाल या पीले रंग की होगी। विभाग ने इस वर्ष जुलाई में पूसा प्रतिभा, पूसा श्रेष्ठ, पूसा लालिमा तथा पूसा पितांबर जैसी आम की किस्में पेश की हैं। पूसा प्रतिभा का फल लाल रंग का तथा इसका गूदा नारंगी रंग का है।

पूसा श्रेष्ठ एवं पूसा लालिमा लाल रंग का है जबकि पूसा पीतांबर पीले रंग का है। इसी प्रकार, विभाग ने लाल रंग का अमरूद और बेर का भी विकास किया है। जबकि आमतौर पर अमरूद या बेर हरा या पीले रंग का देखने को मिलता है। ये सभी फल न केवल खाने में स्वादिष्ट हैं बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी हैं क्यों कि इनमें सामान्य फ लों के मुकाबले बीटा-कैरोटीन तथा अन्य विटामिन एवं पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में हैं।

इस प्रकार के फलों को लोकप्रिय बनाने के लिए अधिक विटामिन एवं अन्य पोषक तत्व वाले आम एवं अन्य फ लों के पौधे को किसानो के बीच लोकप्रिय बनाने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं ताकि बड़े पैमाने पर इस प्रकार की फल की किस्मों का उत्पादन हो सके।

## घर का डॉक्टर
# एलोवेरा



**इसमें पर्याप्त मात्रा में एंटी ऑ सीडेंट्स होते हैं। डेली आप ऐलोवेरा जूस पीने से त्वचा साफ और ए ने रहित होती है। एलोवेरा को मास्क की तरह से भी चेहरे पर लगा सकती हैं।**

प्राचीन आयुर्वेद में छिपे एलोवेरा के अनोखे प्रयोग जो आपको बनाएंगे कई बीमारियों से मुक्त और स्वस्थ। एलोवीरा का पौधा कांटेदार होता है। जिसके किनारे पतले होते हैं। एलोवीरा से निकलने वाला गूदा ही असल औषधी होती है।

एलोवेरा में मिनरल्स, एंजाइम, विटामिन्स, पॉलिसैचेराइड्स और फैटी एसिड्स जैसे लगभग 200 तत्व पाए जाते हैं, जिनका प्रयोग बहुत सारे रोगों में घरेलू इलाज के तौर पर किया जाता है।

साधारण सा दिखने वाला एलोवीरा पौधा आपको कितना फायदा पहुंचा सकता है ये तो आपने सोचा भी नहीं होगा। एलोवीरा हमारी त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद है यह तो सभी जानते हैं। लेकिन ये अस्थमा, गैसी की समस्या, पथरी, सासों की परेशानी, खांसी की समस्या जैसी कई बीमारियों में बहुत ही फायदेमंद होता है।

इसमें पर्याप्त मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं। डेली आप ऐलोवेरा जूस पीने से त्वचा साफ और एक्ने रहित होती है। एलोवेरा को मास्क की तरह से भी चेहरे पर लगा सकती हैं।

एलोवेरा की पत्तियों में पाए जाने वाले जैल में 99 प्रतिशत पानी होता है। जिसका इस्तेमाल लगभग 5000 साल में दवाओं के रूप में इसका उपयोग किया जा रहा है।

एलोवेरा में विटामिन ए, सी, ई, फॉलिक एसिड, कोलीन, बी1, बी2, बी3 और बी6 पाया जाता है।

एलोवेरा मोटापा कम करने मदद करता है। 10 ग्राम एलोवेरा के रस में मेथी के ताजे पत्तो को पीसकर उसे मिलाकर प्रतिदिन सेवन करें ।



# दमदार किरदार के साथ पुष्पा-2 में हुई संजय दत्त की एंट्री

इस वर्ष की बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा-2 को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है। दर्शक बड़ी बेसब्री से 15 अगस्त को इस फिल्म के प्रदर्शन की राह तक रहे हैं। अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा-द राइज ने देशभर में जो माहौल बनाया उसने फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कमाई जुटाकर दी। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली इस फिल्म का सोशल मीडिया पर अलग ही क्रेज था।

अब पुष्पा 2 पर काम शुरू हो चुका है और इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म की हर डिटेल बहुत दबाकर रखी जा रही है। मगर अब एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है जिससे देशभर के इसके दर्शकों को अलग ही मजा आएगा। रिपोर्ट्स का मानें तो अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 में बॉलीवुड के खलनायक की एंट्री होने जा रही है। सियासत की एक रिपोर्ट बताती है कि संजय दत्त को, निर्देशक सुकुमार की इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार के लिए अप्रोच किया गया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ऐसी खबरें आई थीं कि पुष्पा के निर्देशक सुकुमार ने, सीक्वल के लिए किसी ए-ईस्ट बॉलीवुड एक्टर को कास्ट करने का फैसला किया है।

### ऐसा होगा संजय का रोल

रिपोर्ट्स में ये भी सामने आया कि संजय का किरदार पुष्पा 2 में कैसा होने वाला है। बताया जा रहा है कि वो फिल्म में एक बड़े प्रभावशाली व्यक्ति का किरदार निभाने वाले हैं।


उनका किरदार कहानी के प्लॉट में एक एक्स्ट्रा लेयर ऐड करेगा। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि उनका यह किरदार पूरी फिल्म में होगा या नहीं या फिर कहीं उनका किरदार एक्सटेंडेड कैमियों तो नहीं होगा।

इससे पहले ये भी रिपोर्ट्स आई थीं कि पुष्पा 2 में दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी भी काम करने जा रहे हैं। हालांकि न्यूज 18 से बात करते हुए मनोज ने इस खबर को गलत बताया था।

रॉकिंग स्टार यश की चलस्त्र चैप्टर 2 और थलापति विजय की लियों के बाद से ही संजय दत्त की दक्षिण भारत में बेहतरीन अदाकार के तौर पर काफी ज्यादा मांग है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि पुष्पा 2 में संजय का किरदार नेगेटिव शेड्स के साथ आता है या नहीं।

हादसे का शिकार हुई

## सारा अली खान



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान को लेकर हाल ही में एक खबर सामने आई है। खबर है कि फिल्म प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस हादसे का शिकार हो गई हैं। इस बात की जानकारी खुद सारा अली खान ने एक वीडियो शेयर कर दी। शेयर की वीडियो में सारा ने कहा-एक साथ दो-दो फिल्मों का प्रमोशन कर रही हूं और इस दौरान मेरा पेट जल गया है। हालांकि एक्ट्रेस ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि उनके साथ ये हादसा कैसे हुआ है। इस खबर के बाद से ही सारा के फैंस काफी परेशान हैं हालांकि, एक्ट्रेस को देखने के बाद ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें ज्यादा गंभीर चोटे नहीं आई हैं।



# अंबानी के फंक्शन में ना बुलाए जाने पर राखी सावंत ने रोया दुखड़ा

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन में देश-विदेश के बड़े सितारों ने शिरकत की। इसमें पॉप सिंगर रिहाना से लेकर फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके साथ ही बॉलीवुड के बड़े स्टार्स भी पार्टी का हिस्सा रहे। इसमें शाहरुख खान, सलमान खान, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, करीना कपूर और सैफ अली खान जैसे अन्य सितारों ने शिरकत की थी। इस दौरान सभी ने अपनी परफॉर्मेंस से पार्टी में चार चांद भी लगाए। ये फंक्शन 1 मार्च से 3 मार्च तक चला था।

ऐसे में अब राखी सावंत ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने मुकेश अंबानी से नाराजगी जताते हुए नजर आई और कहा कि उन्होंने उन्हें क्यों नहीं बुलाया। चलिए बताते हैं राखी ने क्या कुछ कहा है। दरअसल, अंबानी के फंक्शन और तमाम सेलेब्स के आमंत्रण को लेकर राखी सावंत इंस्टाग्राम पर लाइव हैं। इस दौरान उन्होंने मुकेश अंबानी से नाराजगी जताई कि उनको पार्टी में क्यों नहीं बुलाया गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'अंबानी जी नमस्ते। आपने मुझे शादी में क्यों नहीं बुलाया।

आपको पता है अगर आप मुझे बुलाते तो मैं फ्लोर तोड़ देती। कुर्सियां तोड़ देती। मेरा डांस अभी तक आपने देखा नहीं है अंबानी जी। ये इन सबको रिहाना, कॉन, आइकॉन ये किन लोगों को आपने बुलाया। मेरे सामने ये सब मूंगफली हैं। आपने क्या मेरा डांस देखा है? मुन्नी बदनाम हुई डार्लिंग तेरे लिए, टुक टुक देखे, परदेसिया ये इतने गाने मैंने किए हैं।'

### बर्तन धोती रूम साफ करती- रखी सावंत

इतना ही नहीं राखी सावंत आगे कहती हैं, 'आपने मुझे क्यों नहीं बुलाया। इनको हजार करोड़ देकरके आपने बुलाया। फिर भी रिहाना तो फटे हुए कपड़ों में आई। मैं आती तो इतने हॉट और सेक्सी कपड़े पहनकर आती। मेरे कपड़ों से आपके फ्लोर का पोंछा भी लगाती। मुझे बुलाने के चार-चार फायदे थे। मैं एंटरटेन करती। मैं डांस करती। आपके जितने गेस्ट आए थे, खाना खाने के बाद उनके बर्तन भी धोती। सबके रूम साफ कर देती।

क्या क्या नहीं करती। आपने ये हजार करोड़ खर्च करके किनको बुलाया है। अरे आपने राखी सावंत को नहीं बुलाया है। क्या कर दिया आपने?' अब राखी का ये वीडियो सामने आने के बाद लोग इस पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं।

### लोगों ने दी ऐसी प्रतिक्रिया

अब अगर राखी सावंत के वीडियो पर लोगों के रिएक्शन की बात की जाए तो एक ने लिखा, 'इसलिए ही तो नहीं बुलाया, मुजरा नहीं करवाना था ना उनको।' दूसरे ने लिखा, 'उनका बजट कम था इसलिए नहीं बुलाया।' तीसरे ने लिखा, 'भीख मांगने का तरीका थोड़ा कैजुअल है।' चौथे ने लिखा, 'बस इसी नुकसान की वजह से नहीं बुलाया।' इसके साथ एक अन्य ने लिखा, 'अंबानी जी आपको अफॉर्ड नहीं कर पाए।' इसी तरह से इस पर लोग खूब रिएक्शन दे रहे हैं और राखी सावंत का खूब मजाक उड़ा रहे हैं।



5 साल डेटिंग के बाद

# कृति संग फेरे लेंगे पुलकित



सिनेमा जगत में एक के बाद एक सेलेब्स शादी के बंधन में बंध रहे हैं। बीते दिनों रकुल प्रीत और जैकी भगनानी ने शादी की। इसके बाद सुरभि चंद्रा ने बीते दिन ही सात फेरे लिए। इसी बीच अब चर्चा जोरों पर है कि बॉलीवुड का फेवरेट कपल पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा शादी करने वाले हैं। हाल ही में दोनों की रोका सेरेमनी हुई थी, जिसके बाद से वेडिंग को लेकर कपल हेडलाइन्स में बरकरार है।

ऐसे में अब इनका वेडिंग कार्ड भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। साथ ही शादी के डेट का खुलासा हुआ है। हालांकि, अभी कपल की ओर से इसे लेकर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। फैंस इस कपल को दुल्हा-दुल्हन बने देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट की शादी के कार्ड की बात की जाए तो इसमें प्यार, म्यूजिक और सुंदर सा व्यू दिख रहा है। इसमें देख सकते हैं कपल चेयर पर साथ में बैठे हैं और म्यूजिक के साथ रोमांटिक माहौल बनाया हुआ है। इसे ऐसे बनाया गया है, जैसे कोई घर का सीन बनाया गया है और बालकनी से कपल समंदर के नजरे का लुत्फ उठा रहा है। इसमें कपल के पास उनके डॉग्स हैं। कार्ड पर लिखा है, 'अपने लोगों ने साथ इसे सेलिब्रेट करने का इंतजार नहीं कर सकते। पुलकित और कृति को प्यार दें।' इसके बाद सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया। इसके साथ ही इंटरनेट पर कुछ लोगों ने दावा किया कि ये पुलकित और कृति की ओर से अभी ऑफिशियल नहीं किया गया है और ना ही ऐसा कुछ कार्ड शेयर किया गया है। वहीं, कुछ लोगों ने कृति को अभी और भी काम करने की सलाह दी है। इसी तरह से लोग इस पर खूब रिएक्शन दे रहे हैं। रूमर्ड वेडिंग कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### 5 साल डेटिंग के बाद किया शादी का फैसला!

आपको बता दें कि पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा लंबे समय से रिलेशनशिप में हैं। दोनों पिछले 5 सालों से एक-दूसरे के डेट कर रहे हैं। इनकी लव स्टोरी की बात की जाए तो दोनों के बीच नजदीकियां अनीस बाज्मी की फिल्म 'पागलपंती' के दौरान बढ़ी थी। यहीं से उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। इनका प्यार 2019 में परवान चढ़ा था। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि की थी। इतना ही नहीं पुलकित सम्राट की कृति खरबंदा के साथ दूसरी शादी है। वो तलाकशुदा हैं। इससे पहले उन्होंने सलमान खान की मुंहबोली बहन श्वेता रोहिरा के साथ शादी की थी। हालांकि, इनका रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया था और वो एक साल में ही अलग हो गए थे।

# स्ट्रोक से रिकवर होने के बाद वेकेशन पर निकले मिथुन चक्रवर्ती



दिग्गज एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को स्ट्रोक की वजह से 10 फरवरी को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। 12 फरवरी को डिस्चार्ज हो गए थे। वहीं अब स्ट्रोक से ठीक होने के बाद मिथुन चक्रवर्ती वेकेशन के लिए निकल गए हैं। इस ट्रिप में उनके साथी बेटे मिमोह और बहू मदालसा बने।

मिथुन की बहू और एक्ट्रेस मदालसा शर्मा ने हाल ही में इसकी झलक दिखाई। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है जिसमें सभी फ्लाइट में बैठे दिख रहे हैं। तस्वीर में मिथुन दा फ्लाइट की खिड़की वाली साइड पर बैठे हैं। वहीं उनके पास में मदालसा और मिमोह हैं। इस दौरान मिथुन काला चश्मा और मास्क लगाए फोन हाथ में लिए दिख रहे हैं। उन्होंने सिर पर कैप भी लगाई है और शॉल भी ओढ़ी हुई है। तस्वीर के कैप्शन में मदालसा ने लिखा- फैमिली लव।

इसके साथ ही फ्लाइट की इमोजी बनाई है। बता दें कि मिथुन चक्रवर्ती की तबियत अब ठीक है। जब मिथुन को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया था तो एक्टर ने कहा था- मैं बिल्कुल ठीक हूं। कोई परेशानी नहीं है। मुझे मेरे खाने पर कंट्रोल करना होगा और जल्द काम भी शुरू कर सकता हूं। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती को पीएम मोदी ने भी फोन करके हाल-चाल पूछा था। पीएम मोदी ने सेहत का ख्याल न रखने के लिए मिथुन चक्रवर्ती को डांट भी लगाई थी।

# अदा शर्मा ने मंत्रों के उच्चारण से सबको चौंकाया

जब से बस्तरः द नक्सल स्टोरी का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तब से लोगों में बड़ी एक्साइटमेंट देखी जा रही है। ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है और हर तरफ से इसे दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। दर्शक बेसबरी से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं, जो विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की दमदार तिकड़ी से आई है। जैसी जैसी रिलीज डेट पास आ रही है, फिल्म के लिए उत्साह बढ़ते जा रहा है। हाल ही में ये खुलासा हुआ है कि अदा शर्मा ने फिल्म में आईपीएस नीरजा माधवन का किरदार निभाने के लिए कड़ी मेहनत की है और अपने किरदार के लिए सही टोन सेट करने के लिए एक्ट्रेस ने दंतेश्वरी मां की पूजा कर उनका आशीर्वाद भी लिया है। कुछ दिन पहले ही यह बात सामने आई थी कि अदा शर्मा ने बस्तर में रहकर दंतेश्वरी मां की पूजा-अर्चना सीखी है, और हाल ही में रायपुर में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अदा ने मां के श्लोक और मंत्र पढ़कर सभी को हैरान कर दिया।

ये पहली बार हुआ है भारतीय सिनेमा में जब एक एक्ट्रेस ने फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर श्लोक और मंत्र का सेशन अयोजित किया हो, और अदा और टीम बस्तर- द नक्सल स्टोरी ने अपने अप्रोच से दिल जीत लिया है। आदा शर्मा ने बस्तर में अपने किरदार की हर छोटी-मोटी बात पर ध्यान दिया है, और इसका बड़ा क्रेडिट विपुल अमृतलाल शाह को जाता है। एक जिम्मेदार फिल्ममेकर और निर्माता के रूप में, विपुल किसी भी पहलू पर कमी नहीं करते और अपनी फिल्मों के कास्ट को किरदारों के लिए कठिन तैयारियों में शामिल करते हैं। सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी फिल्म के ट्रेलर में अदा शर्मा को अपने बेजोड़ अंदाज में देखा जा सकता है।



# ग्रीन स्किनफिट ड्रेस में शहनाज ने दिखाया टोन्ड फिगर

पंजाब की कैटरीना उर्फ शहनाज गिल कौर इंडस्ट्री की उन हसीनाओं में से हैं जो अपने लुक्स से लोगों का दिल जीत ही लेती हैं। जब भी फैशन की बात आती है को हर किसी के जहन में एक नाम आता है और वह है शहनाज गिल। शहनाज गिल सूट से लेकर वेस्टर्न आउटफिट तक हर लुक में कहर ढाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की हैं जोकि सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। सामने आई तस्वीरों में शहनाज ग्रीन कलर की स्किनफिट ड्रेस में अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट कर रही हैं। शहनाज ने लाइट मेकअप, ग्लोसी लिप्स और ओपन हेयर्स से लुक को पूरा किया है। हसीना कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं।शहनाज की हॉटनेस ने यूजर्स को दीवाना बना दिया है। फैंस शहनाज की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

## नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं श्रिया



बॉलीवुड में कई कलाकार पहले भी नेपोटिज्म पर अपनी बात रख चुके हैं। अब एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान भी जब इंडस्ट्री में आए थे तो एक आउटसाइडर थे। इनसाइडर-आउटसाइडर बहस के बारे में बात करते हुए श्रिया ने कहा, एक समय हर कोई आउटसाइडर था। शाहरुख खान भी एक आउटसाइडर थे जब उन्होंने इंडस्ट्री में प्रवेश किया था। चीजें अब काफी बदल रही हैं और यह तब तक बदलती रहेंगी जब तक इस पर बहस जारी रहेगी। एक्ट्रेस ने सुझाव देते हुए कहा कि वास्तव में स्क्रीन टेस्ट पर काम करने की जरूरत है। प्रत्येक प्रोडक्शन में स्क्रीन परीक्षण का एक आसान और सरल तरीका होना चाहिए, ताकि यह सभी लोगों के लिए कई दरवाजे खोले। श्रिया अगली बार शोटाइम में दिखाई देंगी, जिसमें इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं। शोटाइम 8 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

# डबल इंजन सरकार से यूपी का हो रहा है विकास : डॉ. महेश शर्मा



**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेश शर्मा लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार भी बीजेपी की ओर से गौतमबुद्ध नगर सीट से चुनावी मैदान में हैं। उनके विकास कार्यों ने न सिर्फ क्षेत्र की जनता को प्रभावित किया है बल्कि लगातार चौथी बार टिकट मिलना उनपर शीर्ष नेतृत्व का भरोसा भी जताता है।

सांसद डॉक्टर महेश शर्मा क्षेत्र के विकास के लिए हर मुमकिन कोशिशों में लगे हैं। इसी क्रम में वह ना सिर्फ लगातार गांव चलो अभियान के जरिए क्षेत्र की जनता से मिल रहे हैं बल्कि उनकी समस्याओं को भी सुन रहे हैं।

गांव चलो अभियान में सासंद महेश शर्मा अपने संसदीय क्षेत्र स्थित खुर्जा विधानसभा में के अंतर्गत ग्राम सभा मुरारी नगर, बाल्मीकि चौक एवं राजनारायण कोठी पहुंचे और वहां के लोगों से आत्मीय संवाद किया। डॉक्टर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र में एक बार पुनः विकास एवं सुशासन का कमल खिलाने की अपील की।

गाँव चलो अभियान के ही क्रम में सासंद डॉक्टर महेश शर्मा अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा अरनिया ब्लॉक एवं पहाड़गढ़ी खुर्जा के प्रिय निवासियों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनसे एक बार फिर से मोदी सरकार के लिए वोट देने की अपील की।

अपने गांव चलो अभियान के क्रम में डॉक्टर महेश शर्मा अपने संसदीय क्षेत्र गौतमबुद्ध नगर के अंतर्गत सोलंकी फार्म खुर्जा पहुंचे और ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। और केंद्र की मोदी और यूपी की योगी सरकार की योजनाओं के बारे में जन-जन को जागरूक किया।

# अब कैलाश अस्पताल रोबोटिक तकनीक से करेगा इलाज

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा शहर में स्थित कैलाश अस्पताल समूह के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। जोड़ों के दर्द से परेशान लोगों के लिए नोएडा स्थित कैलाश अस्पताल एक बड़ी राहत लेकर आया है। नोएडा के कैलाश अस्पताल में जोड़ों प्रत्यारोपण सर्जरी के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

सेक्टर 71 स्थित कैलाश हॉस्पिटल एंड न्यूरो इंस्टीट्यूट में शनिवार को अत्यधिक स्वचालित जोड़ों प्रत्यारोपण रोबोट तकनीक का शुभारंभ किया गया । देश के जाने-माने हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा एम्स नई दिल्ली के पूर्व निदेशक पद्मश्री प्रोफेसर डॉक्टर पी के दबे ने इस नई स्वचालित मशीन का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुशील शर्मा तथा डॉक्टर अनुज जैन ने मीडिया को बताया कि यह मशीन जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी के क्षेत्र में एक नई क्रांति है। इस मशीन द्वारा किए गए ऑपरेशन तथा सर्जरी की सफलता की दर 97 फ़ीसदी है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक प्रत्यारोपण द्वारा बदले गए जोड़ों का स्थाई दर 30 से 35 वर्षों तक का होता है।

इस अवसर पर कैलाश अस्पताल समूह के डायरेक्टर डॉक्टर श्रीकांत शर्मा तथा डॉक्टर पल्लवी शर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों तथा मीडिया का आभार जताया।




इस अवसर पर कैलाश अस्पताल समूह के प्रबंध निदेशक डॉक्टर कार्तिक शर्मा, चिकित्सा निदेशक डॉ रितु वोहरा, निदेशक क्रिटिकल केयर डॉक्टर अनिल गुरनानी, सूडान गणराज्य की दूतावास से मिशन अधिकारी डॉक्टर कुलोंग मेनूतिल विजांग तथा माइकल सारी लोंगवा के अलावा चिकित्सा अधीक्षक लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर राजेश पाराशर भी मौजूद थे।

# सेंचुरी अपार्टमेंट में पवन यादव पैनल निर्विरोध निर्वाचित



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-100 में आरडब्ल्यूए के चुनाव में पवन यादव पैनल को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

चुनाव अधिकारी जयवीर सिंह, रमेश चंद त्रिपाठी और सौरभ यादव ने बताया कि 3 मार्च 2024 को चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया और 10 पदों के लिए 14 नामांकन पत्र खरीदे गए व निर्धारित अवधि तक 10 पदों के सापेक्ष केवल 10 प्रत्याशियों द्वारा ही नामांकन पत्र जमा किए गए, सभी नामांकन वैध पाए गए तथा किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र वापस नही लिया गया। जिसके बाद सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव में अध्यक्ष पद पर पवन यादव सहित मदन शर्मा, सुरेश वर्मा, दिलीप मिश्रा, आलोक कुमार, सुरेंद्र गौतम, ओमवीर सिंह, प्रवीन कुमार, सुबोध भट्ट , शेषनाथ निर्विरोध निर्वाचित हुए।

इस अवसर पर मदन शर्मा और पवन यादव ने सभी निवासियों का फिर से जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद किया।

पवन यादव पैनल 2013 से आरडब्ल्यूए में है, अब तक सोसायटी केवल 2011 से 2024 तक 15 वर्षों में केवल 2022 में चुनाव हुए जिसमें पवन यादव का पूरा पैनल लगभग 80 प्रतिशत मतों के साथ विजयी हुआ था।

# महिला दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**नोएडा (चेतना मंच)।** महिला दिवस के अवसर पर हाईड पार्क सेक्टर-78 में एओए और सांस्कृतिक टीम के सौजन्य से एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री श्रीमती रचना जैन रही। उन्होंने सभी को महिला दिवस की बधाई दी और महिला शक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

महिला उद्यमियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगवाए गए, तंबोला व डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया, लक्की ड्रा निकाले गए।

इस अवसर पर लता गोयल, रेणु पाल, प्रियदर्शिनी, रागिनी, रोमा, शिल्पी और प्राची, मीनाक्षी चौहान, राज शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

# सूर्यबाला और प्रेम जनमेजय को मिला बीपीए शिखर साहित्य सम्मान



**नई दिल्ली/नोएडा (चेतना मंच)।** बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स के तत्वावधान में साहित्य की दुनिया में उपलब्धियां पाने वाले प्रसिद्ध साहित्यकारों को छठवें बीपीए साहित्यकार सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यबाला लाल को वेदव्यास और प्रेम जनमेजय को बागेश्वरी सम्मान से नवाजा गया।

नई दिल्ली के मयूर विहार स्थित होटल क्राउन में आयोजित कार्यक्रम में देश विदेश से पधारे नामचीन साहित्यकार चित्र मुद्गल, राहुल देव, विकाश दवे, ममता कालिया, अमिता दुबे, गिरीश पंकज, मारवाह स्टूडियो के संजीव मारवाह, डॉ. संजीव कुमार आदि अतिथियों ने साहित्यकारों को साहित्य विभूषण, साहित्य भूषण, इंडिया नेटबुक्स साहित्य रत्न और बीपीए समाज रत्न सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम में भोपाल से पधारे साहित्यकार विकास दवे ने कहा कि रचना वो जो हृदय को प्रभावित कर दे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जस्टिस एस एन श्रीवास्तव की।

इस मौके पर बीपीए फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. संजीव कुमार ने कहा कि पुरस्कारों का उद्देश्य उन साहित्यकारों के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को पहचाना है जिन्होंने साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति के साथ अतुलनीय सेवाएं दी हैं। आयोजन में डॉ. मनोरमा, डॉ. लालित्य ललित, राजेश कुमार, तनुज सिद्धार्थ, रणविजय राव, पूनम भाटिया, मनीषा चौगांवकर आदि का सहयोग रहा।

साहित्यकारों में बनवारी लाल गौड़, सुरेश ऋतुपर्ण, संतोष श्रीवास्तव, रमेश सैनी, संतोष खन्ना, प्रभात गोस्वामी, हरिपाल सिंह, मिताली, कीर्ति काले, प्रमिला वर्मा, संजीव जयसवाल, उपेंद्र नाथ रैना, मृणाल वल्लारी, विनोद नगर, स्नेह ठाकुर, डी एन सिन्हा आदि विभिन्न साहित्यकार मौजूद रहे।


उत्तर प्रदेश सरकार



महायोगी गुरु गोरक्षनाथ की पावन नगरी में
₹482 करोड़ की 253 विकास परियोजनाओं का
लोकार्पण/शिलान्यास
ठोस कचरा प्रबंधन हेतु 34 वाहनों को हरी झंडी
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
रवि किशन शुक्ल, सांसद, गोरखपुर | कमलेश पासवान, सांसद, बांसगांव | साधना सिंह, अध्यक्ष, जिला पंचायत, गोरखपुर | डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, महापौर, गोरखपुर
फतेह बहादुर सिंह, विधायक, कैम्पियरगंज | महेन्द्र पाल सिंह, विधायक, पिपराइच | विपिन सिंह, विधायक, गोरखपुर ग्रामीण | श्रीराम चौहान, विधायक, खजनी | राजेश त्रिपाठी, विधायक, चिल्लूपार
प्रदीप शुक्ल, विधायक, सहजनवा | इंजी. सरवन कुमार निषाद, विधायक, चौरी-चौरा | डॉ. विमलेश पासवान, विधायक, बांसगांव | डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, सदस्य, विधान परिषद | देवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, विधान परिषद | सी. पी. चंद, सदस्य, विधान परिषद
दिनांक : 10 मार्च, 2024 | समय : अपराह्न 4:00 बजे | स्थान : नगर निगम परिसर, गोरखपुर
लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
♦ राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.सी) ♦ 200 टन प्रतिदिन क्षमता के स्मार्ट गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन
♦ 50 टन प्रतिदिन क्षमता के सी एंड डी कचरा प्रबंधन संयंत्र
शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
♦ डिजिटल लाइब्रेरी एवं नगर निगम टाउन हॉल का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य ♦ जल-निकासी हेतु नाली/नाला ♦ त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत सड़क एवं नाली
♦ अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत बाढ़ पम्पिंग स्टेशन, अर्ली वार्निंग सिस्टम एवं नाला ♦ स्वच्छ पेयजल आपूर्ति परियोजनाएं ♦ ताल नदोर में कान्हा गौशाला
♦ एकला बंधा पर राप्ती रिवर फ्रंट एवं शहर के डिवाइडरों के ग्रीन बेल्ट का विकास ♦ समस्त 80 वार्डों में सड़क, नाली/नाला एवं अन्य कार्य
♦ पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण ♦ सीवर व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण ♦ विभिन्न स्थानों पर पथ प्रकाश व्यवस्था के कार्य ♦ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य
लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश